हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

12 नवरात्र में गरबा के दौरान असामाजिक तत्वों के घुसपैठ पर लगे रोक, मांग



13 अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम





## निकायों के अफसरों की बड़ी सर्जरी

# भिलाई से अजय शुक्ला का बिलासपुर और शरद दुबे का जगदलपुर ट्रांसफर, विनीता वर्मा भेजी गईं दुर्ग, ईई प्रकाश थवानी की भी वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन ने नगरीय निकायों के अफसरों की बड़ी सर्जरी की है। दुर्ग जिले के निकायों के भी इंजीनियरों और अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं। खबर है कि स्थानीय नेताओं, विधायकों, पदाधिकारियों की शिकायतों के आधार पर यह सर्जरी की गई है। भिलाई निगम के कई अधिकारी जो लंबे समय से जमे हुए थे, उन्हें दूरदराज के क्षेत्रों में भेज दिया गया है। सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला का तबादला बिलासपुर निगम में किया गया है। स्वच्छता निरीक्षक भैय्यालाल असाटी को बीरगांव, शरद दुबे का जगदलपुर ट्रांसफर किया गया है। इसी प्रकार दुर्ग में कार्यपालन अभियंता प्रकाश थवानी की वापसी हुई है। वे वर्तमान में भिलाई-चरोदा में पदस्थ थे। बता दें कि भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह लगातार निगम के अधिकारियों को लेकर शिकायत कर रहे थे। माना जा रहा है कि उनकी शिकायत के बाद कई अधिकारियों के तबादले किए गए हैं।

### दया सिंह ने निकाय मंत्री से की थी शिकायत, इसके बाद हुए ट्रांसफर

उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से लिखित शिकायत की थी। उन्होंने मनमानी करने, फोन नहीं उठाने, भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया था। इसके बाद स्वायत्तशासी कर्मचारी संगठन ने प्रदर्शन भी किया था। भिलाई निगम से सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला का तबादला बिलासपुर निगम किया गया है। स्वच्छता निरीक्षक भैय्यालाल असाटी को बीरगांव, शरद दुबे डाटा एंट्री आपरेटर को जगदलपुर, संजय शर्मा स्टेनोग्राफर को कोरबा, शशांक सिंह भदौरिया सहायक राजस्व निरीक्षक को बीरगांव, स्वच्छता पर्यवेक्षक विवेक साहू को धमतरी निकाय भेजा गया है।

### स्थानीय नेताओं की शिकायतों को शासन ने लिया गंभीरता से, इंजीनियरों और कर्मचारियों के तबादले

**खास बातें**

- अनियमितता की मिल रही थी शिकायतें
- कुछ कर्मचारी लंबे समय से एक ही जगह पर जमे हुए थे




### निकायों में नजर आएंगे कई नए इंजीनियर और अन्य कर्मचारी

जानकारी के मुताबिक आदेश के बाद जिले के निकायों में नए इंजीनियर नजर आएंगे। इनमें फत्तेलाल साहू को भिलाई, प्रभाकर शुक्ला को भिलाई-चरोदा, विनीता वर्मा ईई भिलाई को दुर्ग, संजय वर्मा को भिलाई, रवि सिन्हा को भिलाई से चरोदा, प्रकाशचंद्र थवानी को चरोदा से दुर्ग, दिनेश नेताम को दुर्ग से कवर्धा, सिद्धार्थ साहू को भिलाई से दुर्ग, अशोक देवांगन को राजनांदगांव से भिलाई भेजा गया है। कुम्हारी के साधना अहिवार को महासमुंद, एके निर्मलकर को पाटन से पिथौरा, ढालेंद्र ठाकुर अमलेश्वर, प्रवीण साहू अमलेश्वर से पाटन, सुप्रिया नायक दुर्ग से रायपुर भेजी गई हैं।

### लेखापाल और लिपिक का भी ट्रांसफर, ज्वाइनिंग जल्द

दुर्गेश गुप्ता को रिसाली से दुर्ग, बीनू वर्मा को चरोदा से जगदलपुर, अर्जुन पवार भिलाई, अजय बनिक रिसाली, विनय शर्मा भिलाई, शुभम महतो रिसाली से कुम्हारी, जितेंद्र देवांगन रिसाली से अहिवारा, अंकित यदु रिसाली से चरोदा, धर्मेंद्र मिश्रा दुर्ग से रिसाली, अंजू खाखा संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग, किरण वर्मा रिसाली से भिलाई, विनय शर्मा रिसाली, योगेश सूरे रिसाली, नितिन श्रीवास कुम्हारी से दुर्ग, डोमन निषाद रिसाली सहित अन्य कर्मचारियों को ट्रांसफर किए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### राइस मिलर के यहां ईडी की दबिश, दस्तावेज जब्त

**भिलाई।** ईडी की टीम ने शराब घोटाला और मनी लार्डिंग के मामले में हुडको और तालपुरी में दबिश दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक राइस मिलर सुधाकर राव के घर पर दबिश दी गई। ईडी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। सुधाकर राव की भी घोटाले में संलिप्ता का आरोप है। फर्जी बिल, बढ़े हुए बिलों के जरिए कमीशन और अवैध भुगतान कराने का भी आरोप है। राइस मिलर सुधाकर राव के घर पर ईडी के अफसर दस्तावेज खंगालते रहे। बताया गया है कि यह कार्रवाई विशेष जांच दल (एसआईटी) की शुरुआती जांच के बाद हुई है। जिसमें शेल कंपनियों, बेनामी फर्मों और हवाला नेटवर्क के जरिए धन के लेन-देन का खुलासा हुआ था।

### नशे के लिए रुपए छीने तीन युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** झपटमार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि लेबर कैम्प जामुल निवासी राकेश चौहान ने शिकायत की थी कि वह घासीदास नगर गया था। तब 3-4 युवक शराब पीने के लिए सौ रुपए मांगे थे। रकम देने से मना करने पर मारपीट कर पर्स एवं मोबाईल पार कर फरार हो गए थे। जामुल पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की थी। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। तब संदेही घासीदास नगर निवासी दीपक साहू, नीरज ठाकुर, रिवाश हरपाल उर्फ पिलाबो घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### गांजा बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने ग्रिप्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाले को नयापारा रोड बारदाना दुकान के पास घेराबंदी कर वार्ड 33 दुर्ग निवासी दीपेश कुमार ठाकुर को पकड़ा गया।

### खुर्सीपार थाना क्षेत्र की घटना, लोहे के रॉड से किया था ताबड़तोड़ वार

# मारपीट में बीच बचाव करने पहुंचे युवक की हत्या, शराब दुकान के सामने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मारपीट मामले में बीच बचाव करने पहुंचे युवक की लोहे के रॉड से सिर पर वार करने पर मौत हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने युवक पर हत्या का अपराध कायम किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि होटल पड्डा प्राइड के पास आपस में दो युवक मारपीट कर रहे थे। जिसमें सुरेन्द्र और देवेन्द्र उर्फ प्रेम शामिल है।

विवाद होता देख एस कामेश बीच बचाव करने पहुंचा और शांत करा दिया। फिर थोड़े देर बाद एस. कामेश राव को सिर पर सुरेन्द्र महानंद ने रॉड से हमला कर मौत की नींद सुला दिया। फिलहाल आरोपी मौके से फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घटना बुधवार 17 सितंबर की रात राजेन्द्र प्रसाद नगर खुर्सीपार होटल पड्डा पराइट के बीच की है।

मृतक कामेश अपने दोस्त के साथ खड़ा था। तभी आरोपी सुरेंद्र महानंद पहुंचा और विवाद करने लगा। पहले सुरेंद्र ने देवेंद्र उर्फ प्रेम से मारपीट की। विवाद बढ़ता देख कामेश बीच-बचाव करने पहुंचा तभी घटना हुआ। बुधवार रात 11 बजे विवाद शुरू हुआ था। जहां पर घटना हुआ वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। तभी आरोपी सुरेंद्र और देवेंद्र के बीच कहासुनी हुई। दोनों हाथापाई तक पहुंचा तो बीच-बचाव करने आए कामेश की मौत हो गई। शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया।

**आबकारी अधिकारी के आश्वासन के बाद हटा जाम**



### शराब दुकान हटाने सड़क पर 45 मिनट का प्रदर्शन

बस्ती के लोग और मृतक के परिजनों ने शराब दुकान हटाने को लेकर सड़क पर 45 मिनट तक चक्का जाम कर रखा था। मौके पर सीएसपी के पहुंचने पर माहौल शांत हो पाया। लोगों ने मांग किया है कि शराब दुकान को हटाया जाएगा। अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नेशनल हाइवे में चक्का जाम करने की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन तुरंत पहुंचकर ट्रैफिक को व्यवस्थित किया। इसके अलावा लोगों को काफी समझाया गया। किसी तरह मानने के बाद सड़क खाली हुआ तब ट्रैफिक सामान्य हो पाया।



**सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर:** सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रुप से घायल है। घटना की जानकारी स्मृति नगर पुलिस को नहीं है। मिली जानकारी के मुताबिक आयुष, प्रिंस और अन्य युवक बाइक से आवंती बाई चौक के पास पहुंचे। अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में आयुष दुर्ग और प्रिंस समेत अन्य युवको का भिलाई के निजी अस्पताल में उपचार जारी है। अज्ञात वाहन की पुलिस तक को जानकारी नहीं मिल पाई है।

### कार की ठोकर से घायल युवक की मौत

**भिलाई।** बुधवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। इसकी जानकारी भिलाई नगर पुलिस छिपाती रही। मिली जानकारी के मुताबिक पुरानी बस्ती कुरुद निवासी पारस यादव 22 वर्ष घासीदास नगर में रहने वाले तीन दोस्तों के साथ बाइक पर पारस घर से रात 9 बजे निकला था। 11-12 बजे रात को सिविक सेंटर में अज्ञात कार चालक तेज रफ्तार में आया और तीनों को चपेट में लिया। गंभीर रुप से घायल पारस समेत उसके दोस्तों को उपचारर के लिए अस्पताल लेकर गया। जहां पारस की मौके पर मौत हो गई। कुरुद पार्षद पति अजय साहू ने बताया कि अज्ञात कार ने बाइक सवार को ठोका जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। उसके बाद उपचार के बाद पारस की मौत हो गई। वहीं अन्य युवक गंभीर रुप से घायल है।

**हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल का आयोजन**

## गरबा के लिए ट्रेनिंग सेशन आज से 100 से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में इस नवरात्र स्टील क्लब सेक्टर-8 में रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस आयोजन को लेकर ट्विनसिटी में खासी चर्चा है। महिलाएं खासी उत्साहित हैं। एक दिन में ही 100 से ज्यादा लोगों ने पंजीयन कराया है।

इस इवेंट के लिए ट्रेनिंग सेशन 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। 19 से 23 सितंबर तक दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नृत्य कला मंदिर, सांई एरोबिक्स क्लास, नेक्स्ट मूव डांस एकेडमी, किग्स ऑफ गरबा और जोहन सर जैसे एक्सपर्ट्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि रास गरबा और डांडिया के इस आयोजन में एंट्री पूरी तरह से फ्री है। कोई भी इवेंट में शामिल हो सकता है। इस दौरान होने वाली प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन 0788 - 4091720 और 6267136903 में कराया जा सकता है। इस अवसर पर ट्रेडिशनल डांडिया, घूमर गरबा, घोघिया गरबा, बारह ताल गरबा, सनेडो, डाकला, इंडो वेस्टर्न डांडिया का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, स्पर्श हॉस्पिटल, एचटीसी रायपुर एवं बोलबम सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा।

**मोहननगर पुलिस की कार्रवाई**

## हेरोइन के साथ सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



हेरोइन के साथ तस्करी करने को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें 246 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ मोहन नगर पुलिस ने आदित्य नगर दुर्ग निवासी गुरजीत सिंह रुट को पकड़ा है। आरोपी मोहन नगर से फरार हुआ था। पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। आरोपी गुरजीत सिंह पूछताछ के दौरान पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। फरार आरोपी को पकड़ने टीम बनाकर खोजबीन किया गया। आरोपी को दुर्ग स्टेशन के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

## पांच दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त, तीन हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वच्छता और पर्यावरण पर ग्रहण लगाने वाले व्यापारियों से रिसाली निगम ने जुर्माना वसूल किया है। वे प्रतिबंधित पॉलिथीन से ग्राहकों को सामान दे रहे थे। नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने 2 किलो से भी अधिक प्रतिबंधित वन टाइम यूज कैरीबैग जब्त किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पालिक निगम रिसाली का राजस्व और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने ठेला, गुमटी संचालकों को सामान कागज के पैकेट या कपड़े को थैले में देने की समझाईश दी। जांच के दौरान चिकन व अन्य दुकानों से पॉलिथीन जब्त किया। इस दौरान राजस्व विभाग के दुर्गेश गुप्ता, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी अमित चंद्राकर के अलावा मंगल कुर्रे, किशोर रामटेके, पीआईयू विजय कश्यप आदि उपस्थि थे।

**3000 जुर्माना वसूला :** निगम अधिकारियों ने ऐसे दुकानदारों से जुर्माना वसूला जिन पर समझाईश का असर नहीं हो रहा था। कुल 5 लोगों से 3000 जुर्माना वसूला गया। साथ ही समझाईश दी गई कि दोबारा कैरीबैग मिलने पर चलान राशि दोगुना वसूल की जाएगी।

## नाको की टीम ने जिला दुर्ग व सिविल अस्पताल भिलाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला अस्पताल व लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला भिलाई में नाको की टीम में सर्वेक्षण किया । टीम ने यहां चल रहे अस्पताल में संचालित ओ.एस. टी. सेन्टर में गहन जाँच की। सेंटर में कितने एचआईवी व एड्स के मरीज आ रहे हैं। मरीजों को किस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। काउंसिलिंग का तौर-तरीका कैसा है आदि की जानकारी ली। दस्तावेजों का निरीक्षण किया। नॉको के डॉ. सांई प्रसाद की टीम ने पाया कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रोग्राम बहुत अच्छे से क्रियान्वित है। सेन्टर और उसमें कार्यरत स्टॉफ की तारीफ की। सुपेला अस्पताल में सुझाव दिया के अस्पताल को सिंगल विन्डो कि तरफ अग्रसर होना चाहिये। ओ.एस.टी. सेन्टर सुपेला बहुत अच्छा कार्य कर रहा और भारत सरकार कि प्रोग्राम गाईडलाईन के तहत प्रदेश में पहले नम्बर पर कार्य कर रहा है। और समूचे भारत के ओ.एस.टी. सेन्टरों में उत्तम श्रेणी का ओ.एस.टी. सेन्टरो में से एक ओ.एस.टी. सुपेला पाया गया है। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज, सुपेला अस्पताल ओएसटी प्रभारी डॉ. मुनीश भगत मौजूद रहे।

**एचआईवी-एड्स के रिकार्ड जांचे**



### स्वास्थ्य सचिव के आदेश के बाद जिले में कार्रवाई

# दुर्ग जिले के हड़ताली 850 संविदा एनएचएम कर्मियों को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

करीब महीनेभर से आंदोलत संविदा एनएचएम कर्मियों को राज्य ने बर्खास्त कर दिया है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने इसके आदेश जारी कर दिए। दुर्ग जिले के 850 संविदा एनएचएम कर्मियों की बर्खास्तगी की गई है। इस आदेश के बाद जिले में नए सिरे से स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की जाएगी। इसलिए कि इतने लंबे समय से हड़ताल के बाद जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की कमी हो गई है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने लगी है। इधर गुरुवार को देर शाम छग एनएचएम संविदा कर्मियों के पदाधिकारियों के बीच स्वास्थ्य सचिव से चर्चा का दौर भी जारी है। प्रदेशभर के कर्मी रायपुर में जेलभरों आंदोलन का ऐलान कर दिया।

**अस्पतालों की ये सेवाएं हो रही थी प्रभावित, प्रदर्शनकारी आंदोलन की तैयारी में**

### जिला अस्पताल

इस अस्पताल में सबसे ज्यादा संविदा एनएचएम कर्मी आंदोलत रहे। यहां के ईसीजी कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र, एनएससीयू, सोनोग्राफी, हेल्प डेस्क, पैथालॉजी आदि में संविदा एनएचएम कर्मी सेवाएं दे रहे थे। हड़ताल पर चले जाने की वजह से महीनेभर से इन सेवाओं पर असर पड़ा। मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है।



### सिविल अस्पताल सुपेला

इस अस्पताल में 18 एनएचएम संविदा कर्मी आंदोलनरत हैं। जिसकी वजह से टीबी यूनिट बंद पड़ा है। प्रसूति कक्ष से लेकर डेंटल तक संविदा कर्मी सेवाएं दे रहे थे। हड़ताल की वजह से यहां नियमित कर्मचारियों के भरोसे जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। यहां पहले से ही स्टॉफ की कमी है। जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### हमर क्लीनिक और टीकाकरण

दुर्ग भिलाई की श्रमिक एरिया में हमर क्लीनिक खोले गए हैं। इन क्लीनिकों में आधे से ज्यादा संविदा कर्मियों के भरोसे चल रहे हैं। हड़ताल पर जाने की वजह से ऐसे क्लीनिकों पर ताले लटक रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित टीकाकरण और राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं। पोर्टल पर नियमित एंट्री नहीं हो पा रही। मैदानी स्तर से राष्ट्रीय कार्यक्रमों की रिपोर्ट नहीं आ पा रही है।

### इन मांगों को लेकर चल रहा है आंदोलन

संविलयन व नियमितीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति, 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा।

### बर्खास्तगी का आदेश

राज्य से दुर्ग जिले के एनएचएम संविदा हड़ताली कर्मियों का बर्खास्तगी आदेश जारी हुआ है। जिस पर अमल किया जा रहा है। **डॉ. मनोज दानी, सीएमएचओ**





**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**खबर संक्षेप**



### कैंपेन में दी एचआईवी की जानकारी

**भिलाई।** इंटेंसीफाई आईईसी कैंपेन अभियान के तहत प्रतिज्ञा विकास संस्थान टी आई माइग्रेंट परियोजना भिलाई द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर भिलाई मे इंटेंसीफाई आईईसी कैंपेन का आयोजन किया गया। जिसमें टीआई स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी, एड्स क्या है, एचआईवी फैलने के कारण, बचाव व एचआईवी जांच, भ्रांतियों के विषय पर जानकारी दी गई। साथ ही टोल फ्री नंबर 1097 , नाको एप के माध्यम से एचआईवी संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है। इस दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एच भाटिया, डीके वर्मा, पीके देवांगन, टीआई परियोजना से परियोजना प्रबंधक राजू देवांगन, निगरानी एवं मूल्यांकन सह लेखापाल चंदन चंद्राकर , परामर्शदाता पूजा सिंग उपस्थित रहे।

### बैगापारा शीतला मंदिर में नवरात्रि 22 सितंबर से

**दुर्ग।** बैगापारा में श्री शीतला सेवा समिति द्वारा शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्र पर मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर समिति के संरक्षक अरुण चंद्राकर ने बताया कि मनोकमान ज्योति कलश का राशि मंदिर कार्यालय में सुबह 8 से 12 व शाम 5 से 8 बजे तक ली जा रही है। 22 से शुरु हो रही नवरात्रि के तहत 1 अक्टूबर को कलश विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। दो अक्टूबर को शीतला मिनी स्टेडियम बैगापारा में जय शीतला यंग क्लब द्वारा विजयादशमी कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित है।

### शासकीय आईटीआई में एक दिवसीय सेमिनार

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में मेमोरी एन्हांसमेंट एंड ब्रेन डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसके मुख्य वक्ता मेटामंड्स के सदस्य रोहित तैलंग थे। उन्होंने मस्तिष्क के दो भाग दाया एवं बाया और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में बताया। तीन साल से इक्कीस साल तक के बीच में यदि बच्चे की रुचि और रुझान जान लिया जाए तो बच्चा अपने लिए भविष्य की सही राह चुन सकता है। चलचित्र तथा कहानी द्वारा रुचि कैसे बनाए इस पर प्रकाश डाला गया। रोचक खेल और कहानी द्वारा याददाश्त बढ़ाने के तरीके बताए गए। उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी के प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम में प्रांजल तिवारी, बी कुमार, पुष्पा देवांगन, स्वीटी शर्मा, कमलेश्वरी साहू, मिथलेश सोनखुटिया, देवी लाल साहू एवं अन्य मौजूद रहे।

# सभापति : ज्ञानेश्वर ताम्रकारजी 60 पार्षदों में आप सबसे ज्यादा बुद्धिमान
# ज्ञानेश्वर : आप ऊंची आवाज में बोलकर आवाज दबाने की कोशिश न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक में लाए गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। विपक्ष के कांग्रेसी पार्षद अपने नेता सचिन पायलट के एक अन्य कार्यक्रम में जाने की वजह से बैठक बीच में हो छोड़कर चले गए।

बैठक में विपक्षी पार्षदों से ज्यादा सत्तादल के पार्षदों ने महापौर और उनकी परिषदों को घेरने का प्रयास किया। कुछ मामलों में एमआईसी मेंबर ज्ञानेश्वर ताम्रकार और नरेंद्र बंजारे से सभापति श्याम शर्मा की तीखी नोंकझोक भी हुई। ज्ञानेश्वर को सभापति ने फटकार भी लगाई। साथ ही यहां तक कह दिया कि उन्हें हर मुद्दे में घुसने की आदत है। 60 पार्षदों में सबसे ज्यादा बुद्धिवान वो ही हैं। इस पर ज्ञानेश्वर ने कहा कि सभापति सदस्यों की आवाज को दबाने की कोशिश न करें। इस दौरान नरेंद्र बंजारे और सभापति के बीच भी कहासुनी हुई। बैठक में तकियापारा वार्ड से पार्षद खालिक रिजवी ने इंदिरा मार्केट पार्किंग में हो रही अवैध वसूली का मुद्दा उठाया। इस पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सदन को जानकारी दी कि ठेकेदार को 3 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद नियमतः कार्रवाई की जाएगी। निगम के सभागार में हुई बैठक में महापौर अल्का बाघमार, एमआईसी के मेंबर सहित अधिकारी मौजूद थे।

## इंदिरा मार्केट साइकिल स्टैंड में हो रही अवैध वसूली, दोपहिया का किराया दोगुना वसूला जा रहा

### मुक्तिधाम और गंजपारा दुकानों का आवंटन स्वीकृत

बैठक में रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम परिसर की दुकानों के आवंटन पर चर्चा हुई। रिक्त दुकानक्रमांक 02 के लिए आशीष वर्मा की निविदा प्राप्त हुई, जिसे स्वीकार किया गया। इसी प्रकार गंजमंडी व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और अग्रसेन चौक सुभाष स्कूल सीढ़ी के नीचे निर्मित दुकान के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। बैठक में राशनकार्ड और आधार कार्ड बनाने के लिए टैक्स जमा करने की रसीद को लेकर भी हंगामा हुआ, जिसमें बताया गया कि आदेश मौखिक था, जिसे निरस्त कर दिया गया।





### 15.95 लाख का ठेका निगम ने दे दिया 10 लाख रुपए में

इंदिरा मार्केट पार्किंग को लेकर तकियापारा वार्ड से पार्षद खालिद रिजवी ने मामला उठाया। उन्होंने कहा कि तीन महीने पर निगम ने 15.95 लाख रुपए का ठेका निकाला, इसे दिनेश शर्मा नामक व्यक्ति को महज 10 लाख रुपए में दे दिया गया। जबकि एक अन्य ने 12.60 लाख रुपए में ठेका फार्म जमा किया था। तर्क यह दिया गया कि उसने मैनुवल टेंडर जमा किया। जबकि नियमों में ऐसा कहीं उल्लेख नहीं था। इसके अलावा पार्किंग संचालक पूरे मार्केट में अवैध वसूली कर रहा है। साइकिल का 3 रुपए, दोपहिया का 5 रुपए, कार का 10 रुपए किराया तय है, लेकिन दोपहिया से 10, कार से 25 रुपए लिया जा रहा है। ई-रिक्शा से 50 रुपए वसूला जा रहा है। ठेला, पसरा लगाने वालों से भी वसूली की जा रही है। उन्होंने तत्काल ठेका निरस्त करने अन्यथा आयुक्त का घेराव करने की चेतावनी दी। आयुक्त ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

### नेता प्रतिपक्ष को भी निगम में मिलेगा चेंबर

बता दें कि दो दिन पहले महापौर अल्का बाघमार ने कांग्रेसी पार्षद दल के साथ बैठक की। इसमें सामान्य सभा में सहयोग करने की अपील की गई। इस बीच नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने निगम में चैंबर उपलब्ध कराने की अपनी मांग को दोहराया। इस पर महापौर ने हिंदी भवन में जगह उपलब्ध कराने की बात कही, लेकिन इस पर बात नहीं बनी। उन्होंने निगम में ही कक्ष उपलब्ध कराने कहा। महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया कि हफ्तेभर में जगह उपलब्ध करा दी जाएगी। इस प्रकार निगम में नेता प्रतिपक्ष को भी बैठने की जगह मिलेगी।

## मिनी माता चौक पुलगांव में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, बाइक रैली के साथ पहुंचे सभास्थल

# वोट चोरी करने वालों को निर्वाचन आयोग दे रहा संरक्षण, इसे हर व्यक्ति को जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूरे देश में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत कांग्रेस के कद्दावर नेता गुरुवार को दुर्ग पहुंचे। नेताओं के काफिले का सबसे पहले मिनी माता चौक पुलगांव में पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और पाटन से आई बाइक टोली ने स्वागत किया। जहां से कार्यकर्ताओं के साथ सचिन पायलट हिंदी

भवन के सामने स्थित सभास्थल पर पहुंचे। सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ का अभियान छेड़ रखा है। केन्द्र में सत्तासीन भाजपा सरकार के इशारे पर जिन क्षेत्रों में भाजपा कमजोर है और जिन क्षेत्रों में कांग्रेस मजबूत है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि हमने कई चोर देखे और सुने हैं, लेकिन वोट चोर पहली बार सुना है। लोकतंत्र में वोटों की चोरी हो रही है, लेकिन भला है कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के आत्मविश्वास और ताकत की, जिन्होने लोकतंत्र में वोट चोरी की घटना को उजागर किया है। भारत का निर्वाचन आयोग, भाजपा का निर्वाचन आयोग बन गया है। कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हो सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ के कोरबा से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का आगाज किया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में हस्ताक्षर अभियान भी चलाए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान पूर्ण होने पर हस्ताक्षरयुक्त पत्र कांग्रेस आलाकमान को सौंपा जाएगा। सभा में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, अमरजीत सिंह भगत, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेन्द्र साहू, अय्यूब खान मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और छग प्रभारी सचिन पायलट ने लगाया वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा



### लोकसभा चुनाव में 48 से ज्यादा सीटों में वोट चोरी : भूपेश बघेल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने लोहा चोर देखा अनाज चोर देखा बिजली चोर देखा, लेकिन पूरे देश ने पहली बार वोट चोर करने वाली पार्टी को देखा भाजपा वाले हमेशा कहते हैं कि आने वाले 50 साल में हमको कोई नहीं हरा सकता। आज समझ में आया है कि वह क्यों बोलते थे। अगर देश के लोकसभा चुनाव में 48 सीटों पर वोट चोरी नहीं होती तो आज देश में राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते। दीपक बैज ने कहा की सरकार शाम, दंड, भेद लगाकर सत्ता हासिल करती है। आज प्रदेश में बिजली महंगी कर दी गई है। किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। देश में महंगाई बढ़ गई है। यह सरकार उद्योगपतियों का भला कर रही है।





**बाइक रैली का जगह-जगह स्वागत**

बाकलीवाल के नेतृत्व में रैली निकाली गई। रैली का शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्वागत किया गया। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। देश की जनता निर्वाचन आयोग की इस गड़बड़ी को समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में इसका हिसाब करेगी। इधर मिनीमाता चौक पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा नारेबाजी, ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ शीर्ष नेताओं का अभिनंदन किया। धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में मिनीमाता चौक से गांधी प्रतिमा तक एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली की ख़ास बात यह रही कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने स्वयं बाइक चला कर युवाओं में जोश और उत्साह का संचार किया।

### नवरात्र में गरबा के दौरान असामाजिक तत्वों की घुसपैठ पर लगे रोक, मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व पर मां जगदम्बा की आराधना एवं सनातन धर्म गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। गरबा और डांडिया केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शक्ति -उपासना का एक साधन है। किंतु कई दुर्गा पंडालों में अश्लीलता असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, महिलाओं से दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता एवं शास्त्र विरुद्ध आत्तरण जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई है। हिंदू युवा मंच ने इस पर रोक लगाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर इस पर अंकुश लगाने की मांग की है। संगीत एवं गीतों का चयन केवल देवी भक्ति एवं पारंपरिक गरबा डांडिया गीतों तक सीमित हो। अश्लील, फिल्मी या द्विअर्थी गीतों काप्रयोग पूर्णतः वर्जित हो। केवल श्रदालु हिन्दू समाज के लोगों को ही एंट्री दिया जाए।

### सांसद ने पूरब मंडल के साथ सेक्टर 5 मार्केट की सफाई



**भिलाई।** सेवा पखवाड़ा के तहत पूरब मंडल में प्रथम कार्यक्रम स्वच्छता का कार्य सेक्टर 5 मार्केट में किया गया। जिसमें सांसद विजय बघेल, जिला भिलाई उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, गजानंद बंछोर, मंडल उपाध्यक्ष, प्रहलाद सिंह, सरोज पाहीद रज्जू बग्गा, मंत्री नीलम साहू, सीमा देवी, मोंटू हरपाल, कोषाध्यक्ष मनोज साव, हरीश साहू, मीडिया प्रभारी अजय कनोजिया, प्रशांत क्षीर सागर, सूर्यकांत पाण्डेय, शिवप्रकाश जतिन वर्मा, सुभाष सोनकर, ललित, सिखा आदि मौजूद थे।

# मसीह समाज ने निकाली रैली, हो रहे हमलों पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए मसीही समाज के लोगों से हो रही मारपीट, फर्जी एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में गुरुवार को मसीही समाज ने मानस भवन दुर्ग से विशाल रैली निकाली। रैली में 2 हजार से ज्याद लोग शामिल हुए। इस

- ननों पर कार्रवाई को झूठा बताया, मूलनिवासी संघ, भीम आर्मी ने

दौरान समाज के लोगों ने पद्मनाभपुर में गिरजाघर में हुई मारपीट को लेकर भी विरोध दर्ज कराया। समाज के एम इब्लू ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर नहीं लिखी, जबकि समाज के



लोगों ने नामजद शिकायत की है। मूल निवासी संघ के अध्यक्ष अमरजीत पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में फर्जी मामलों पर नाराजगी व्यक्त की गई। इसमें बताया गया कि हाल ही में दुर्ग रेलवे स्टेशन पर कैथोलिक ननों पर मानव तस्करी और धर्मांतरण का झूठा मामला दर्ज किया गया था। प्रदर्शनकारियों में जय भीम और मूल निवासी वलेंटियर फोर्स के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### पास्टरों पर हमलों और गिरफ्तारी का भी लगाया आरोप

पास्टरों पर हमलों और गिरफ्तारी का भी आरोप लगाया गया। बताया गया है कि 31 अगस्त को बोरसी दुर्ग निवासी पास्टर आकाश बसरा को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और पुलिस ने घर से उठाया, उनके साथ मारपीट की और उन पर धर्मांतरण का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। इसके अलावा 14 सितंबर को यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल (यूसीसी) के अध्यक्ष पास्टर जोनाथन और उनकी पत्नी पर भी जानलेवा हमला हुआ। हमलावरों ने उनकी गले की चेन छीन ली और बाद में उन पर ही झूठा धर्मांतरण का मामला दर्ज कर दिया गया। मसीही समाज ने पुलिस प्रशासन पर घरेलू प्रार्थना सभाओं को रोकने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। समाज ने कहा कि उच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि निजी निवास पर प्रार्थना सभा करना किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। प्रदर्शनकारियों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र मसीह ने कहा कि पूरे प्रदेश में मसीह समाज के साथ हो रहे अत्याचार मारपीट हो रहा है।

### बैंकिंग सेवा के लिए जागरूक करने शिविर

**दुर्ग।** दुर्ग जिला के सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन योजनाओं का संतृप्ति अभियान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों तक सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं बैंकिंग सेवाओं योजनाओं के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न कर, उन्हें योजनाओं से लाभ पंहुचाना है। इस अभियान के अंतर्गत पाटन विकासखण्ड के बेल्हारी ग्राम पंचायत में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बटरेल द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र के बैंकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस शिविर में पात्र खाताधारकों का पुनः केवाईसी किया गया। भारतीय रिज़र्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक मनीष परासर ने शिविर का दौरा किया गया। उन्होंने शिविर की गतिविधियों की समीक्षा की।

### महापौर ने कैबिनेट मंत्री से शहर की प्रकाश व्यवस्था के लिए मांगे 40 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र में लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था की समस्या बनी हुई थी। विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी थीं, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। त्योहारों का सीजन नजदीक होने के कारण इस समस्या का समाधान त्वरित रूप से जरूरी था। इसी उद्देश्य से महापौर अलका बाघमार ने कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

महापौर ने मंत्री को बताया कि निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटों को बदलने और नई लाइट लगाने की आवश्यकता है। लेकिन



महापौर निधि, पार्षद निधि और निगम मद से इतनी बड़ी राशि का प्रावधान संभव नहीं है। इस कारण नागरिकों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है और दीपावली जैसे बड़े पर्व के पहले प्रकाश व्यवस्था में सुधार आवश्यक है।महापौर की मांग पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने सकारात्मक रुख अपनाया।

# कॉलेज में विशेष विधिक जागरुकता कार्यक्रम चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित इनॉग्रेशन ऑफ द जूलॉजिकल एसोसिएशन के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग की ओर से दो न्यायाधीश ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान किया।

एक न्यायाधीश द्वारा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना



निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इस अधिनियम का उद्देश्य अंधविश्वास के नाम पर की जाने वाली सामाजिक कुरीतियों और प्रताड़ना को पूर्णरूप से समाप्त करना है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। दूसरे न्यायाधीश द्वारा साइबर अपराध से संबंधित जानकारियाँ प्रदान की गईं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फिशिंग आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की और उपरोक्त साइबर अपराध से सतर्क रहने के लिए व्यावहारिक उपायों के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने उक्त संबंध में विधिक प्रश्न पूछकर सक्रिय भागीदारी निभाई तथा न्यायाधीशों ने विधिक प्रावधानों की गहन जानकारी प्रदान कर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का संतोषपूर्ण समाधान किया।



## समस्या : बच्चों के साथ-साथ पालकों को कई परेशानी

# अब तक नहीं मिल पाईं निःशुल्क किताबें, त्रैमासिक परीक्षा हुई प्रारंभ

आसकरण जैन ▶▶| जामगांव आर

प्राइवेट स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा प्रारंभ हो गई लेकिन पूर्ण रूपेण निःशुल्क शासकीय पुस्तके आज पर्यन्त तक नहीं मिल पाई। जबकि शासकीय स्कूलों के लिए पुस्तकों का ब्लॉक में ढेर लगा हुआ है। वितरण के बाद ब्लॉक में हजारों पुस्तके अतिरिक्त पड़ी हुई है। प्राइवेट स्कूलों की मिन्नतों के बाद भी चाह कर भी अधिकारी पुस्तक नहीं दे पा रहे क्योंकि प्राइवेट स्कूलों को पुस्तक देने का आदेश ही नहीं है। संकुल समन्वयक के मार्गदर्शन में एक प्राइवेट स्कूल पुस्तक लेने बीईओ कार्यालय पाटन में पहुंचे लेकिन आदेश नहीं होने का हवाला देकर लौटा दिया गया। इस अव्यवस्था को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के संज्ञान में भी लाया गया। शिक्षा मंत्री ने मामला संज्ञान में लेते हुए देखने की बात कही है।

### शिक्षा मंत्री ने मामले पर लिया संज्ञान



### जुलाई 2025 में पुस्तक की पहली खेप मिली

छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक रायपुर बुक डिपो में दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूलों को पुस्तक वितरण के लिए तिथि के पहले दिन 7 जुलाई सोमवार को दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूल वालों की लंबी कतार लगी थी।जब बारी आई तो पता चला डिपो में अनेकों पुस्तक उपलब्ध ही नहीं है। फिर एक बार कतार लगाने की व्यथा से शिक्षक परेशान हो गए थे। पढ़ाई तो पुस्तक के अभाव में अस्त व्यस्त होना ही है। नई पुस्तक के अभाव में पुरानी पुस्तक से पढ़ाई हुई।कक्षा पहली दूसरी तीसरी और छटवी की पुस्तके बदल गई है।एक माह की पढ़ाई मेहनत बेकार हो गई है।

### पुस्तक वितरण सरलीकरण की मांग

शासन के पास पुस्तक वितरण के लिए डीईओ, बीईओ, बीआरसी, संकुल समन्वयक और नोडल केंद्र की श्रृंखलात्मक सुव्यवस्था है फिर भी पुस्तक वितरण के लिए डिपो में बुलाया जा रहा है। शासन प्रशासन पुस्तक वितरण में अपने माध्यमों का उपयोग नहीं करके सर्वत्र परेशानी खड़ी कर रहा है।जो कतई किसी के हित में नहीं है।पुस्तक वितरण सरलीकरण किया जाना पीड़ित स्कूल वालों की मांग है।

### निःशुल्क पुस्तक की खर्च भरी कहानी

शासन से पहली से दसवीं तक पुस्तक निःशुल्क दी जाती है। जिसकी प्रक्रिया होती है पहले डीईओ से अनुशंसा लेने जिला मुख्यालय का प्रवास खर्च फिर पाठयपुस्तक निगम रायपुर डिपो हजारों रुपयों की किराया वाला वाहन लेकर पहुंचकर कतार में खड़े होकर चालान कटवाना और फिर पुस्तक मिलने की बारी का इंतजार करना। बारी आ गई तो ठीक वरना फिर दूसरे दिन फिर वही कवायद ।बमुश्किल ये निपट गया तो पता चलता है अनेकों पुस्तक ही डिपो में नहीं है।फिर एक बार हजारों का खर्चकर वाहन में आना पड़ेगा। और इस साल तो स्कैनिंग कर पुस्तक वितरण करने का फरमान है।

### प्राइवेट स्कूल को वितरण का आदेश नहीं

पाटन बीईओ प्रदीप महिलांगे ने कहा कि शासकीय स्कूलों को वितरण के बाद हजारों की संख्या में पुस्तक तो उपलब्ध है लेकिन प्राइवेट स्कूलों को वितरण के लिए आदेश नहीं आया है।आदेश आते ही आदेशानुसार क्रियान्वयन किया जा सकेगा।

### प्राइवेट स्कूल परेशान और पालक नाराज

शिक्षा सत्र 2025/26 की निःशुल्क पुस्तकों की पहली किस्त जुलाई में उपलब्ध हुई उसके बाद 3 माह बीत जाने के बाद भी पुस्तकों की दूसरी किस्त छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक निगम भंडार से पुस्तक नहीं मिलने के कारण प्राइवेट स्कूल उदास और पालक नाराज है। अव्यवस्था से परेशान शिक्षकों ने कहा कि शासन निःशुल्क पुस्तक दे रहा है लेकिन स्कूल वालों को एक बार में वाहनों का हजारों रुपया लगता है दूसरी बार और जाना पड़ेगा फिर हजारों रुपयों की चपत स्कूलों को लगेगी। अच्छा होता एक बार में ही सारी किताबें मिल जाती। 3 माह बाद भी पुस्तक नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### ये पुस्तके जुलाई में डिपों में नहीं मिली

कक्षा 1 अंग्रेजी, कक्षा 2 हिंदी, कक्षा 4 हिंदी, कक्षा 4 पर्यावरण, कक्षा 5 हिंदी, कक्षा 5 पर्यावरण, कक्षा 6 संस्कृत, कक्षा 6 सामाजिक विज्ञान भाग एक, कक्षा-7 सामाजिक विज्ञान भाग , कक्षा 8 गणित, कक्षा 8 संस्कृत, कक्षा 8, सामाजिक विज्ञान भाग 1, कक्षा 8 सामाजिक विज्ञान भाग दो, कक्षा 9 अंग्रेजी और कक्षा 10 विज्ञान शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सांसद से की जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने की शिकायत

**सेलूद।** संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचार को छत्तीसगढ़ में गायन के रूप में फैलने वाले छत्तीसगढ़ मेहर समाज के प्रतिनिधि डॉक्टर बलराम मिरझा ने सांसद विजय बघेल को दुर्ग जिले में ग्राम सभा द्वारा पारित होने पर भी अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विशेष कर मेहर समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने की शिकायत की है। श्री बघेल से मुलाकात के दौरान अन्य विषयों पर भी चर्चा की। इस दौरान रंजन मिरझा, राम बृज लहरी और हर प्रसाद आडिल भी उपस्थित थे।

### डिम्पल ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप मुंबई में डिम्पल गोस्वामी ने स्वर्ण पदक जीत कर छग का नाम रौशन किया।

### ग्रामीणों ने किया रक्तदान



**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ग्राम पंचायत थनौद के उपस्वास्थ्य केंद्र में बालाजी ब्लड सेंटर द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत थनौद सरपंच मेनका दिनेश देशमुख, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, संदीप खरे ,फ़लेंद्र देशमुख, सीताराम ठाकुर, आकाश ठाकुर, मुकेश देशमुख, संतोष सिन्हा, गजेंद्र देशमुख, कमल किशोर देशमुख और हीरेंद्र देशमुख सहित लगभग 40 युवाओं ने रक्त दान किया।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



**पाटन।** ग्राम पंचायत सिकोला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुरुआत की गई। जिसके तहत आगामी पखवाड़े भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच गितेवरी अतिश सपहा, पंच नारायणी ठाकुर ,टिकेंद्र यादव, मेनका साहू ,अनुसूया खुटियारे और मेनका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कराया न्यौता भोज



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आशा सुरेश साहू ने न्यौता भोजन कराया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत ग्राम भोथली में स्कूली बच्चों को न्यौता भोजन का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा किया है। इस अवसर पर सुरेश साहू अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय सक्रिय सदस्य भाजपा, आशा सुरेश साहू सक्रिय सदस्य भाजपा ,भानुप्रताप वर्मा प्रधान पाठक, चंदन साहू सहायक शिक्षक, नीरा साहू, सुनेति निषाद और कांतिबाई यादव उपस्थित थे।

### बुजुर्गों का किया सम्मान



**सेलूद।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ की ओर से बुजुर्ग सम्मान दिवस के पावन अवसर पर ग्राम ढौर जामुल जिला दुर्ग के ग्राम में जाकर ग्राम के 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग महिला पुरुष का सम्मान किया गया। संस्थापक संजय कुमार मैथिल व मीना भारद्वाज के संयोजन में बुजुर्गों को शाल, श्रीफल ,मिठाई व फल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मधु देवांगन, हेमा चंद्रवंशी लक्ष्मी देशलहरे, किरण शर्मा बृजेश देवांगन, टहल सिंह चंद्रवंशी, ग्राम सरपंच लता साहू, ओम प्रकाश वर्मा आदि मौजूद थे।

## हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत काव्य पाठ का किया गया आयोजन



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संगीता ने अपने उद्बोधन में भाषा के विकास क्रम में हिंदी के महत्व को समझाते हुए काव्य पाठ के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी । कुमारी इशा, करुणा, पूजा, गोविंद राज, डिंपल, हितेश्वरी सहित 13 प्रतिभागियों एवं प्राध्यापकों में डॉ. कल्याणी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार टांडेकर ने भी इस कार्यक्रम में काव्य पाठ किया। हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित इस काव्य पाठ में आधुनिक काल के कवियों जैसे सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह दिनकर एवं अन्य समकालीन रचनाकारों की कविताओं का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापक डॉ. रामेश्वरी दास ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक नीलम संजीव इक्का, जागृति चंद्राकर, मुकेश सिन्हा, हितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## डीईओ ने किया औचक निरीक्षण, तीन प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अध्यापन कार्य में कसावट लाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी इन दिनों स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहे है। मंगलवार को डीईओ अरविन्द मिश्रा प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला देवादा का निरीक्षण पर पहुंचे तो पाया कि प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक व स्टाफ मुख्य द्वार पर निर्धारित समय से पहले दोपहर 3.55 को ही तालाबंदी कर घर जा चुके थे।

वहीं पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका शाला के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर घर जाने की तैयारी में थी। शाला संचालन के समय का पालन नहीं करने के मामले में डीईओ ने सीईओ पाटन के माध्यम से दोनों प्रधानपाठको के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी करने निर्देशित किया है। सेजेस पतोरा में निरीक्षण के दौरान डीईओ ने पाया कि विषय शिक्षिकाओं द्वारा प्रायोगिक कक्षाएं के समय बच्चों को थ्योरी का अध्ययन कराया जा रहा है। इस पर उन्होंने कक्षा शिक्षिका एवं प्रभारी प्राचार्य प्रीतिबाला साहू के प्रति नाराजगी व्यक्त की। शासकीय उ.मा.वि. कन्या सेलूद में त्रैमासिक परीक्षा का पाठ्यक्रम आज पर्यन्त तक पूर्ण नहीं होने पर डीईओ ने प्राचार्य श्रीमती बंजारे को चेतावनी देकर शासकीय कार्यों को गंभीरता से लेने हेतु हिदायत दी। प्राचार्य के द्वारा आज पर्यंत तक कमजोर बच्चों का चिन्हांकन ना कराना व शाला के कक्ष शिक्षिकों में कसावट ना रखने के मामले में भी नाराजगी जताई। डीईओ ने शासकीय उ.मा.वि. गोड़पेंड्री का निरीक्षण किया। यहां प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक द्वारा प्रतिदिन तीन कक्षा ना लेने पर प्रधानपाठक को कारण बताओ नोटिस जारी करने बीईओ को निर्देशित किया गया। सेजेस देवादा में बच्चे शाला प्रांगण में घूमते नजर आये व कक्षा शिक्षिका स्टाफ कक्ष में बैठी थीं। इस संबंध में पूछे जाने पर कक्षा शिक्षिका रूपमती साहू ने जवाब दिया कि अभी शाला बंद होने का समय हो गया है तो स्टाफ कक्ष में बैठना उचित है। उक्त शिक्षिका को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय, एपीसी विवेक शर्मा और एमआइएस प्रशासक शियम कटारे उपस्थित थे।




■ दो प्रधानपाठकों ने समय से पहले प्रवेश द्वार पर लगवा दिया था ताला

## अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 16 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय आजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जेके लक्ष्मी सीमेंट लि. द्वारा अहिवारा में संचालित सीएसआर कौशल विकास केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के पर्यावरण अधिकारी, पर्यावरण विभाग द्वारा स्कुली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को इस वर्ष की अन्तर्राष्ट्रीय आजोन परत संरक्षण दिवस की थीम



ओजोन परत को बचाने के लिये वैज्ञानिक खोजों और शोधों को वैश्विक स्तर पर ठोस कार्यवाही में बदलना के बारे में अवगत कराया एवं आजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले कारको के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी बताई गयी। कंपनी द्वारा ओजोन एवं भाषण के माध्यम से स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये प्रतियोगिता का आयोजन भी किया प्रश्नोत्तरी या जिसमें लगभग 85 स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और कार्यकम में उपस्थित सभी लोगों ने ओजोन परत संरक्षण के लिए प्रतिज्ञा भी लिया गया। जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंग एवं मुकुल श्रीवास्तव द्वारा संयंत्र के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को शुभकामनाएं व्यक्त की एवं संदेश के माध्यम से ओजोन परत के संरक्षण में अपना सहयोग दे कर अपनी उत्तरदायित्व एवं जिमेंदारीयों का निर्वहन करने की अपील की।

### पौधों के संरक्षण के लिए चलाया अभियान

**अंडा।** ग्राम पंचायत कोड़िया में रोपित पौधों के संरक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि ग्राम पंचायत कोड़िया में सभी पंचायत पदाधिकारी मिलकर सुबह पहुंच कर इन पौधों की देखभाल करते हैं। इस सराहनीय प्रयास में सरपंच खुमान निषाद और साथ में पंच जीतू साहू, मनीषा साहू , लिलेश्वरि पटेल, सोहद्रा साहू, सरिता निषाद, मंजू यादव, रेखा निषाद, चंपा निषाद व बलि राम निषाद और तिलक निषाद शामिल हुए।



### धमकी से पीड़ित था किसान, झूठी गवाही के लिए बनाया जा रहा था दबाव

# किसान की जमीन हड़पने रची साजिश, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन हड़पने के लिए साजिश रचने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी में शिकायत की गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि झूठी गवाही देने के लिए दवाब बनाने वाले के खिलाफ शिकायत करने के बाद पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। करहीडीह दुर्ग निवासी जसवंत साहू ने आरोप लगाते हुए बताया कि ईश्वर निषाद को वर्ष 2021 में पुत्र व भांजे के विवाह के लिए रकम की आवश्यकता थी। तो ईश्वर पीड़ित से संपर्क किया।

इस दौरान जसवंत ने ब्याज में रकम उधार के लिए अशोक सिंह, राजेश सिंह बिहारी से मुलाकात कराया था। तब अशोक, राजेश ईश्वर को ब्याज के लिए उनके जमीन के पेपर की फोटो कापी और कोरा स्टाम्प पेपर में हस्ताक्षर करने को कहा गया था। तब अशोक, राजेश बिहारी ने ईश्वर निषाद से कहा था कि कोरा स्टाम्प पेपर के कोरे कागज पर गवाह का हस्ताक्षर करने बोला था। तब ईश्वर निषाद के कोरे स्टाम्प पेपर पर पीड़ित और ईश्वर का हस्ताक्षर कराया गया। पेपर में हस्ताक्षर के समय सादा था। पीड़ित को ईश्वर निषदा ने बताया कि अशोक सिंह लोग उसकी जमीन को हड़पने के लिए झूठी बनावटी केस न्यायालय में किया है। लेकिन न्यायालय में सही गवाही देने की बात पीड़ित से ईश्वर ने कही है। पीड़ित के मुताबिक 18 अगस्त 2025 की सुबह ऑफिस पहुंचने के बाद पीड़ित के नहीं होने के बाद स्टाफ नवीन उइके को फार्म हाउस भेजा गया। नवीन ने पीड़ित को बुलाने की जानकारी दी। करहीडीह गौठान के पास जसवंत के पहुंचने पर अशोक सिंह वाहन सीजी 07 सीसी 6540 में जबरन धमकी देकर वाहन में बिठाया गया। अशोक सिंह ने रास्ते भर जसवंत के साथ गाली गौलज कर न्यायालय में झूठी गवाही देने के लिए दबाव धमकी देते रहे।

### दस्तावेजों में धमकी देकर हत्याक्षर भी कराया

जसवंत ने आरोप लगाया कि अशोक सिंह और राजेश सिंह बिहारी न्यायालय के बिल्डिंग में लेकर गए थे। जहां धमकी देकर दस्तावेजों में हस्ताक्षर भी कराया गया। अशोक, राजेश बिहारी अपने-अपने मोबाइल नंबर से पीड़ित को फोन कर धमकी देते रहे। अशोक, राजेश बिहारी ने कॉल कर दीपक नगर स्थित अपने व्हाइट हाउस आने के लिए बोला गया। जसवंत को दोनों ने कहा कि ईश्वर निषाद के दस्तावेज में हस्ताक्षर मत करने का धमकी दी। राजेश बिहारी, अशोक सिंह देवभूमि लेआउट के संचालक है। दोनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

### शिकायत आई है, जांच जारी

“ इसमें कुछ लोगों का बयान लिया गया है। कुछ बचे हुए है। जांच किया जा रहा है। जो भी तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। शिकायत आई है।

**के पठारे,**
चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा

## अंचल की खबरें

### लोक कल्याण मेला चलेगा 2 अक्टूबर तक

**कुम्हारी।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत लोक कल्याण मेला बुधवार को शुरू हुआ जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। नगरपालिका परिषद कुम्हारी में जारी इस मेले के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर एवं मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत अब ऋण स्लैब में बदलाव किया गया है। पहले प्रथम चरण में दस हजार रुपये के ऋण राशि को बढाकर अब 15 हजार रुपये किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 20 हजार रुपये की रकम को बढाकर अब 25 हजार किया गया है। अंतिम चरण की राशि पचास हजार रुपये यथावत रहेगा। ऋण की पूरी अदायगी करने वाले हितग्राहियों को बैंक की तरफ से क्रेडिट कार्ड भी दिया जाएगा। जो पथ विक्रेता एफ एस एस ए आई का लाइसेंस बनवाना चाहते हैं उन्हें सहयोग भी किया जायेगा। ऐसे हितग्राही जिनका आवेदन बैंक द्वारा वापस किया गया है उन्हें दोबारा काउंसिलिंग किया जायेगा। इस हेतु 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है। हितग्राही स्वयं के मोबाइल फोन से या चाइस सेंटर के माध्यम से फार्म भर सकते हैं। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष मीना वर्मा ने समस्त पथ विक्रेताओं से आह्वान किया है कि सभी अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ लेवें।

### पाटन नपं में ट्रक नाली में जा घुसा, मार्ग अवरुद्ध



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में बुधवार को दोपहर के समय में बड़ा हादसा होते होते टल गया। एक भारी भरकम ट्रक अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क किनारे बनी नाली में जा घुसा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, फिर भी ट्रक चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यहां से गुजर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क छोड़कर नाली में जा गिरा। इससे सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन की लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं इसी बीच आज नगर में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा विसर्जन यात्रा भी निकाली जानी थी। जाम की वजह से भक्तों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

### सेजस घुघुवा में शिक्षकों का किया सम्मान



**सेलूद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय (सेजस) घुघुवा (क) शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन और विशेष अतिथि कमलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन रहे। अध्यक्षता प्रणव शर्मा सभापति जनपद पंचायत पाटन ने की। इस दौरान स्वागत उपरांत उपस्थित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। विद्यार्थियों के निवेदन पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने केक काटा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शिक्षक मोहित कुमार शर्मा का प्रतीक चिन्ह, श्रीफल सह सुमन हार के माध्यम सम्मान किया। पालक शिक्षक समिति अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने बताया कि मोहित शर्मा विभिन्न संस्थाओं से शिक्षा, कला-संस्कृति, साहित्य, पर्यावरण आदि के लिए राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुकें है। इस दौरान डोम शेड एवं 10 वीं के बाद वाले बच्चों के लिए वाणिज्य संकाय अंग्रेजी माध्यम में मांग की गई। आयोजन में थानेश्वर साहू एसएमडीसी अध्यक्ष, ओगी राम साहू एसएमसी अध्यक्ष, सरपंच शैलेंद्री साहू, एसएमडीसी सदस्य उत्तरा सोनवानी, रवि साहू, चूड़ामणि साहू, दुर्वासा साहू आदि उपस्थित थे।

### अमेरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमेरी में शिक्षक दिवस मनाया गया। दिनेश नेताम कार्य पालन अभियंता नगर निगम दुर्ग, भूषण भारद्वाज सरपंच अमेरी, शिव वर्मा समाजसेवी एवं सुखेन नेताम उपसरपंच के संयोजन में यह कार्यक्रम हुआ। पाटन ब्लॉक में अब तक दोनों विद्यालय से सर्वाधिक 25 बच्चों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। सम्मानित होने वाले शिक्षक देवलाल पटेल प्रधान पाठक, अरुण मरकाम प्रधान पाठक,मुकेश वर्मा नोडल टीचर, रश्मि वर्मा, खिलेश वर्मा सीएसी, प्रीति शुक्ला, आदित्य नारायण वर्मा नोडल टीचर, टिकेश्वरी वर्मा ,साखीराम साहू, परमेश्वरी कोसले और लक्ष्मी चंद्राकर शामिल है। सभी शिक्षकों को शाल, मोमेंटो ,श्रीफल और पेन से सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला अमेरी के प्रधान पाठक देवलाल पटेल ने पांच रसोईया तथा दो स्वीपर को अपनी ओर से शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया तथा पहिली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों को मोजा भेट किया।इस अवसर पर नेतराम सेन ,हीरेंद्र देवांगन सचिव, राजू लाल लहरी रोजगार सहायक, दीनदयाल ठाकुर ,प्रमिला जोशी, हेमकुवर वर्मा, सरोज कुर्रे, चमेली ठाकुर, सरोज वर्मा, झालेंद्र वर्मा, मीना वर्मा, चंदन कोशले, रोहित वर्मा, राजेश लहरी, हरिश्चंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### नारधी में रामलीला का होगा मंचन, की गई चर्चा



**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम नारधी में रामलीला समिति की बैठक रखी गई। जिसमें नवरात्रि पर चार दिवसीय रामलीला का मंचन व दशहरा उत्सव का आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। नारधी में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से लगातार विगत 62 वर्षों से ग्राम के कलाकारों के द्वारा रामलीला एवं दशहरा उत्सव का आयोजन होता रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से नारद मोह, सीताहरण, बालिवध व रावण वध दशहरा का मंचन किया जाएगा। बैठक में समिति के संचालक सदस्य डेरहा दास मानिकपुरी, ईश्वरी सिन्हा, भुनेश्वर साहू, शंकर निषाद, सांवत साहू, अध्यक्ष लोमन सिंह साहू, उपाध्यक्ष हेमंत सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भिलाई की नीलम का हिंदवी कविता कैंपस में चयन



**भिलाई।** भिलाई की नवोदित कवयित्री नीलम वर्मा का चयन रायपुर में 20 -21 अक्टूबर को आयोजित हिंद युग्म उत्सव के अवसर पर हिंदवी कैंपस कविता के अंतर्गत काव्य पाठ के लिए किया गया है। वे हिंद युग्म उत्सव के प्रथम दिन 20 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय सभा गृह में अपनी कविताओं का पाठ करेंगी। नीलम वर्तमान में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में शोधार्थी है।

### इंस्टीट्यूट आफ इंजी. भवन में अभियंता दिवस समारोह



**भिलाई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा अभियंता दिवस समारोह का आयोजन इंजीनियर्स भवन में हुआ। बीएसपी के ईडी एके चक्रबर्ती मुख्य अतिथि और आईआईटी के निदेशक राजीव प्रकाश तथा हेमचंद विवि के कुलपति प्रो. संजय तिवारी विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की। सचिव बसंत साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। जीएम बोन्या मुखर्जी महाप्रबंधक इंजीनियर मोक्षगुन्दम विश्वेश्वरैया के जीवन परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. राजीव प्रकाश को लाइफटाइम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। चक्रबर्ती ने कहा कि डिजिटल युग के आगमन से आने वाले 7-8 वर्षों में मानव संसाधनो की आवश्यकता लगभग तीस प्रतिशत तक घट जायेगी। उन्होंने अभियंताओं को नवाचार तथा नयी तकनीक से सामंजस्य बिठाने का आह्वान किया। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि शीर्ष अत्याधुनिक गहन प्रौद्योगिकियों जैसे क्वाण्टम कंप्यूटिंग, आर्टफीसियल इंटेलिजेंस , ब्लाक चैन , रोबोटिक्स, डीप लर्निंग आदि के माध्यम से 21 वीं शताब्दी का भविष्य निर्धारित होगा । मुख्य वक्ता संजय तिवारी ने भारत में डीप टेक तथा उससे जुड़े बिन्दुओं पर चर्चा की ।भिलाई शाखा ने विभिन्न महाविद्यालयों के 11 इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को योगदान के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विक्की कुमार ने किया।

# बीएसपी ओए चुनाव आज, बंछोर और कुल्मी पैनल के बीच मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बहुप्रतीक्षित बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव के लिए काउंटडाउन शुरु हो गया है। 2025-27 की कार्यकारिणी के लिए आज मतदान होगा। सफलतापूर्वक चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों की कमेटी व प्रबंधन द्वारा व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। भिलाई क्लब में मतदान व मतगणना बाद नतीजे अलसुबह घोषित होने के आसार हैं। अध्यक्ष पद के लिए महाप्रबंधक एनके बंछोर और उप महाप्रबंधक मुकेश कुल्मी के बीच मुकाबला है। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों के पैनल के बीच है। चुनाव को लेकर सदस्य अधिकारियों में भारी उत्साह है और प्रत्याशी व समर्थक भी अलसुबह तक सदस्यों से प्रत्यक्ष व मोबाइल पर जीत की अपील करते रहे।

चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 4 बार के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और पहली बार चुनाव लड़ रहे मुकेश कुल्मी के बीच सीधी टक्कर है। कोषाध्यक्ष के लिए भी सीनियर मैनजर सौभाग्यरंजन साहू और अभिषेक कोचर में सीधा मुकाबला है। जबकि महासचिव के लिए डीजीएम सुधीर बालचंदानी रामटेके,एजीएम अंकुर मिश्रा, एजीएम तुषार सिंह, टिकरिहा, एजीएम अजय कुमार चौरिसया व एजीएम विजय कुमार सैनी चुनाव मैदान में हैं। जोनल प्रतिनिधि के लिए 42 प्रत्याशी मैदान में हैं। कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को छोड़कर दो पैनलों में बंटे सभी प्रत्याशी देर रात तक जीत के लिए सदस्यों संपर्क में जुटे रहे लेकिन आम सदस्य मौन साधे हुए हैं। चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी आज दिनभर तैयारी मे जुटे रहे। मतदान भिलाई क्लब और राजहरा माइंस क्लब में होगा। भिलाई, राजहरा, नंदिनी व हिर्री में कुल वोटर 2344 हैं। चुनाव अधिकारी महाप्रबंधक जेएन ठाकुर संदीप झा, विकास चंद्रा व मैनेजर सैफुद्दीन के निर्देशन में आज भिलाई निवास में प्रत्याशियों के साथ हुई बैठक में चुनाव नियमों के पालन के लिए टिप्स दिए गए।

## कोषाध्यक्ष के लिए आमने- सामने की टक्कर, भिलाई क्लब में चुनाव के व्यापक बंदोबस्त





### 25 टेबल पर 62 कर्मियो की लगी ड्यूटी

मतदान भिलाई क्लब व राजहरा क्लब में होगा। यहां भिलाई क्लब चुनाव कमेटी व प्रबंधन के लोग दिनभर चुनाव बंदोबस्त में जुटे रहे। यहां बैडमिंडन कोर्ट हाल में मतदान होगा। इसके लिए विभाग जोनवार टेबलें लगाई गई हैं। अध्यक्ष के मतपत्र का रंग यलो, महासचिव का ब्ल्यू, कोषाध्यक्ष पिंक और जेडआर के लिए व्हाइट कलर का मतपत्र है। चुनाव अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारी कर ली गई है। मतदान प्रक्रिया के लिए 62 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है और 25 टैबल लगाए गए हैं। मतपेटियां भी निर्धारित हैं। प्रत्याशियों के साथ बैठक में नियमों को लेकर जागरुक किया गया और ओए की गरिमा के अनुकूल मतदान की अपील की गई है।

### प्रत्याशियों ने किए जीत के दावे जीएस ने पैनल को उचित बताया

ओए चुनाव में जहां चुनाव में अध्यक्ष के दोनों प्रत्याशियों ने अपनी जीत के दावे किए हैं वहीं चुनाव नहीं लड़ रहे पूर्व महासचिव ने ओए की मजबूती व सदस्यों के हितों के लिए गरिमा के अनुकूल चुनाव की अपील व पैनलों की व्यवस्था को समयानुकूल बताया है। अध्यक्ष प्रत्याशी एनके बंछोर ने बताया कि सदस्यों से संपर्क के दौरान सभी ने अधिकारियों के हितों के लिए किए गए हमारे कार्यों की सराहना कर जीत का भरोसा दिलाया है। वहीं प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार मुकेश कुल्मी ने भी पिछली कमेटी के लंबित मुद्दों को प्रबंधन से सुलझाने का सदस्यों से वादा करते हुए अधिकारियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की बात कह जीत की अपील की है। जीएस रहे परविंदर सिंह ने पैनल बनाकर चुनाव लड़ने को उचित बताते हुए कहा कि सम्मान, समन्वय व सफलता के लिए यह जरुरी है। मैंने श्री बंछोर के साथ 017 से पैनल बनाकर चुनाव लड़ने का अनुभव बहुत अच्छा रहा।

### एनजेसीएस दिल्ली बैठक में सदस्य यूनियनों का बोनस फार्मूला बदलने पर होगा फोकस


# सेल कर्मचारियों का सालाना बोनस तय हो सकता है कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के कर्मचारियों के लिए शनिवार को सालाना बोनस तय होने के आसार हैं। अधिकाधिक बोनस राशि निर्धारण के लिए एनजेसीएस यूनियनों द्वारा उच्च प्रबंधन पर रणनीतिक दबाव बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। बीस अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित एनजेसीएस बैठक को लेकर बीएसपी कर्मियों की अपेक्षाओं से अवगत कराने के लिए आज यहां इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन की बैठक बुलाई गई है।

उल्लेखनीय है कि दुर्गापूजा के पूर्व बोनस तय करने होने वाली बैठक को देखते हुए यूनियनें एकजुट होने लगी हैं। पिछले साल प्रबंधन के एततरफा अल्प बोनस सीधे खाते में डाल देने के अनुभव को देखते हुए एनजेसीएस यूनियनें सजग हो गई हैं। शनिवार को दिल्ली में आयोजित एनजेसीएस की बोनस बैठक में यूनियनों का पूरा फोकस हानिकारक पुराने बोनस फार्मूला को बदलने पर रहेगा। पिछले साल केंद्रीय यूनियनों सम्माजनक यानी अधिकाधिक बोनस की मांग की थी लेकिन प्रबंधन की हठधर्मिता से बैठक बेनतीजा रही थी। दूसरे मात्र 26 हजार 5 सौ रुपए प्रबंधन से सीधे कर्मचारियों के खाते में डाल दिए थे। इसका यूनियनों पुरजोर विरोध कर बोनस फार्मूला बदलने की मांग की थी। यूनियनों के मुताबिक इस बार बैठक के लिए एनजेसीएस सदस्य यूनियन इंटक, सीटू,एचएमएस,एटक व बीएमएस ने भारी तैयारी की है। यूनियनों के मुताबिक दिल्ली बैठक में सम्मानजनक बोनस भुगतान के लिए बोनस बदलने पुरजोर रणनीतिक दबाव बनाया जाएगा। प्रबंधन से मांग की जाएगी कि बोनस फार्मूला सिर्फ प्रोडक्शन व प्राफिट से रिलेटेड हो अन्य बिंदुओं को इसमें शामिल न किया जाए। एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा बताते हैं कि 5 साल के लिए तय किये गए बोनस फार्मूला को बदलने से ही हर साल अधिक बोनस मिलेगा। इससे कर्मियों को मनोबल ऊंचा रहेगा।

### बीएसपी कर्मियों की मांग से अवगत कराने आज इंटक कार्यालय में बैठक



### पीबीटी की पांच प्रतिशत डिमांड पर जोर

50 हजार से अधिक बोनस निर्धारण के लिए पीबीटी ( प्राफिट बिफोर टैक्स) के 5 प्रतिशत डिमांड पर जोर देने की कवायद हो सकती है। बैठक में पर टन उत्पादन पर निर्धारित राशि तय करने यूनियनों की दबाव बनाने की रणनीति होगी। अगले साल के लिए ये बेस एमाउंट प्राइज तय हो जाने से कर्मियों को आगामी सालों में इससे अधिक बोनस राशि मिलना संभव हो जाएगा। दिल्ली बैठक के लिए अधिकाधिक बोनस का संदेश भिजवाने के लिए शुक्रवार को भिलाई में भी संयुक्त यूनियन की बैठक शाम 4 बजे इंटक यूनियन कार्यालय सेक्टर 6 में बुलाई गई है। इसमें मेहनत के हिसाब से अधिकाधिक बोनस भुगतान के लिए बोनस फार्मूला बदलने कर्मियों से केंद्रीय यूनियनों के प्रतिनिधियों को अवागत कराया जाएगा। बैठक में इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस व बीएमएस सहित समर्थित लोकल यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## आवास दिवस पर 38 हितग्राहियों को मेयर ने मकान की सौंपी चाबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आवास दिवस का आयोजन भीमराव अम्बेडकर मांगलिक भवन बैकुण्ठधाम में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्ण आवासो के हितग्राहियों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद सत्यादेवी जायसवाल, गिरजा बंछोर, अपर आयुक्त राजेन्द्र दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा आदि उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास घटक अंतर्गत मोर जमीन-मोर मकान के 125 हितग्राहियों को बिल्डिगं परमिशन दिया गया एवं मोर मकान-मोर आस व मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के 38 हितग्राहियों को मकान का कब्जा पत्र, मकान की चाबी एवं गृह प्रवेश प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 12 हितग्राहियों को स्वतंत्र फाइनेंस बैंक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऋण उपलब्ध कराकर मकान का शेष राशि निगम कोष में जमा कराया गया। शहर की हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम 200 नग पौधा वितरण किया गया।

### सूर्य घर योजना की दी जानकारी

निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सूर्य घर योजना, शहर की स्वच्छता एवं वूमेन फॉर ट्री योजना के संबंध में जानकारी दी गई। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा द्वारा हितग्राहियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना को महत्वपूर्ण योजना बताया गया। कार्यक्रम स्थल में सूर्य घर योजना से नागरिको को आनग्रिड सोलर पैनल सिस्टम से मुफ्त बिजली बिल की जानकारी प्रदान की गई। उक्त स्थल पर आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक सुविधा भी नागरिको को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता नीतेश मेश्राम, शरद दुबे, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन आदि का सहयोग रहा।

## नवरात्रि महापर्व के लिए दया ने दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नवरात्रि महापर्व के अवसर पर भिलाई-खुर्सीपार में आयोजित होने वाले आयोजन के लिए भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम से मुलाकात कर उन्हें विशेष आमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और आयोजन में शामिल होने को कहा। इसी क्रम में दया सिंह ने दुर्ग रेंज आईजी, जिला कलेक्टर और एसपी से भी मुलाकात की और उन्हें भी नवरात्रि के आयोजन में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने करने के लिए आमंत्रित किया।

दया सिंह के नेतृत्व में खुर्सीपार में बड़ा सेवा पंडाल बनाकार सेवाकार्य किया जाता है। जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर दया सिंह ने कहा कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यह आयोजन समाज में एकता, भक्ति और सेवा की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने अपील की है।





## राजभाषा पखवाड़ा शुरू, हिंदी को जन सामान्य की भाषा बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) सभागार में राजभाषा पखवाड़ा शुरु हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय द्वारा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा सीजीएम संदीप माथुर ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंदी भाषी तो हिंदी में काम करें ही, अहिंदी भाषी भी हिंदी में काम करें, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि, हिंदी जनसामान्य की भाषा है और देश की एकता, अखंडता और विकास में सहायक है। पवन कुमार ने हिंदी तथा समाज की वर्तमान स्थिति पर रचित अत्यंत ही प्रभावी कविताओं से उपस्थितो से हिंदी को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने का आह्वान किया।



### पखवाड़े में होंगी कई प्रतियोगिताएं

महाप्रबंधक राजीव कुमार ने स्वागत उद्बोधन ने दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों मे कार्यरत ओमवीर करन, डॉ. शीतल चन्द्र शर्मा, शिवानी जत्रेले आदि कवियों ने राष्ट्रप्रेम की कविताएं पढ़ीं। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया। राजभाषा पखवाड़े के तहत 19 अक्टूबर को ऑनलाइन क्विज', 20 को 'तात्कालिक निबंध लेखन', 22 तात्कालिक काव्य लेखन', 23 अक्टूबर को तात्कालिक चित्र देखें-कहानी लिखें 24 को 'तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा।

### 22 से वसूली अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमियों पर संपत्ति कर बकाया राशि की वसूली हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी किये गये है। बकाया राशि की वसूली हेतु अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार 22 सितम्बर 2025 से कार्यवाही किये जाने समिति गठन किया गया है। प्रत्येक जोन के जोन आयुक्त, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी जिस भवन/भूमि पर बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही कुर्की के माध्यम से किया जाना है। उस भवन/भूमि के स्वामी से संपर्क कर राशि की वसूली हेतु एक दिन पूर्व अवगत करा दिया जाएगा। यदि भूमि स्वामी द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो बकाया राशि की वसूली कुर्की के माध्यम से की जाएगी।











नक्षत्र प्रभावित करते हैं हमारे दैनिक जीवन को

## लाइव इवेंट

### पौधरोपण पखवाड़ा अभियान, 25 हजार पौधरोपण का लिया संकल्प



**भिलाई।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत टाउनशिप सहित औद्योगिक क्षेत्र को हरा-भरा बनाने जगह-जगह पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र जे के लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा वृक्षारोपण पखवाड़ा का आयोजन कंपनी के खदान एरिया में वृहद् स्तर पर किया गया।

जिसके अंतर्गत प्रबंधन ने लगभग 25 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जो हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इस दौरान कंपनी के यूनिट हेड राजपाल सिंह शेखावत, मुकुल श्रीवास्तव, शिरीष शुक्ला, संजय सूद, अमित जैन, रमेश विश्वकर्मा, विकास जैन, राजेश शुक्ला, राजेश कुमार सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए पौधरोपण किया। इस राजपाल सिंग शेखावत ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण संरक्षण होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी प्राप्त होगा। हर व्यक्ति को अपने कार्य स्थल और अपने घर के आसपास अपनी जिम्मेदारी समझ कर वृक्षारोपण कर उसका देखभाल करना चाहिए। मुकुल श्रीवास्तव ने इस अभियान को समाज में हरियाली, पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य की ओर एक कदम बताया। शिरिष शुक्ला ने कहा कि कंपनी द्वारा लगातार पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है और प्रत्येक त्योहारों में और खास अवसर पर पौधारोपण किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

## सिटी इवेंट

### योग शिक्षक बनने का अवसर कौशल विकसित करने 25 दिवसीय प्रशिक्षण



**भिलाई।** पतंजलि परिवार दुर्ग द्वारा 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण के आयोजन की शुरुआत बुधवार से हो चुकी है। यह प्रशिक्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में दुर्ग-भिलाई के चुनिंदा जगहों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्य सामग्री भी प्रदान की गई है। पतंजलि परिवार की ओर से दुर्ग जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल ने बताया कि यह प्रशिक्षण योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करने और उन्हें योग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने किया गया है। प्रशिक्षण में योग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी और प्रतिभागियों को योग के क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा। यह 25 दिवसीय प्रशिक्षण 100 घंटे का होगा, जिसमें प्रैक्टिकल और थ्योरेटिकल दोनों तरह के अध्ययन होंगे। इसके बाद 1 घंटे की परीक्षा होगी, जिसे उत्तीर्ण करने वाले को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार द्वारा सहयोग शिक्षक प्रशिक्षित का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत ऑनलाइन मोड पर 17 सितंबर से शाम को 4 से साढ़े 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा। वहीं ऑफलाइन मोड पर 20 सितंबर से सुबह 6 से साढ़े 7 बजे इस्पात क्लब सेक्टर-7 भिलाई, गजानंद मंदिर आर्य नगर दुर्ग, एचएससीएल कालोनी रूआबांधा और गायत्री मंदिर रामनगर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री पटेल ने बताया कि इस प्रशिक्षण से योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए और मुख्य योग शिक्षक बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि सहयोगी योग प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले साथियों को मुख्य योग शिक्षक बनने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण स्वामी रामदेव के साथ हरिद्वार में लेना होगा, जो कि निशुल्क होगा। उन्हें मुख्य योग शिक्षक का प्रमाण पत्र पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण आवश्यक है।

### 21 को नुआखाई महोत्सव में बिखरेगी ओडिशा व छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा 21 सितंबर रविवार को नुआखाई महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। भिलाई महिला महावद्यिालय के आडिटोरियम में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित नुआखाई महोत्सव के मुख्य अतिथि



विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। इस अवसर पर पश्चिम ओडिशा के साथ साथ छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति से सराबोर राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगा। उड़िया समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सुरक्षा एवं सामाजिक नैतिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए गठित राष्ट्रीय संस्था अखिल भारतीय उड़िया समाज महासचिव तरुण निहाल ने बताया कि महोत्सव प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में हो रहा है। नुआखाई महोत्सव 2025 में अध्यक्षता स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह मौजूद होंगे।

● आईटीआई मैदान खुर्सीपार में बह रही भक्ति की धारा

# चम्मच जिस बर्तन में रहता है उसे ही खाली कर देता है, जीवन में हर बात पर वाहवाही करने वालों से रहें सावधान : राजन महाराज

**भिलाई।** सनानत समाज में स्त्री को पूज्यनीय माना गया है। अविवाहित कन्याओं और बेटियों को किसी के पैर नहीं छूना चाहिए। कोई कितना भी बड़ा महात्मा क्यों न हो उसका पैर न छूएं। बस दोनों हाथ जोड़कर सर झुकाना चाहिए। विवाहित स्त्री को चरण स्पर्श करके पैर छूना चाहिए। बेटों का जब मुंडन संस्कार हो जाए तब से ही उन्हें अपने से बड़े व्यक्ति का पैर छूना सिखाएं और बचपन से ही उन्हें संस्कार दे। महिलाओं के सम्मान में यह बातें प्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण महाराज के शिष्य राजन महाराज ने गुरुवार को रामकथा के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि चम्मच जिस बर्तन में रहता है उसे ही खाली कर देता है। महाराज ने जीवन में हर बात पर वाह वाह करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी। यह आपको कभी श्रेष्ठ बनने नहीं देते ये केवल आपकी झूठी प्रशंसा करते हैं। सामने वाला आपको क्या मान रहा है। उसे मानने दीजिए आप जो है उसमें अडिग रहिए। राम ने अपने आप को सदैव ही साधारण मनुष्य माना।आईटीआई मैदान, खुर्सीपार में जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई के तत्वावधान में आयोजित रामकथा के सातवें दिन मुख्य यजमान विनोद सिंह पत्नी विजयालक्ष्मी सहित अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, ईश्वर सिंह ठाकुर, जी सुरेश बाबे, स्वास्थ्य विभाग से केएल कुमारी, टोमिन साहू, पुष्पा मिश्रा सहित कई प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे।





### जनमानस से वृक्षों की महत्ता चरित्र से जोड़ी

राजन महाराज ने कथा की शुरुआत में केंवट प्रेम और राम व ऋषि वाल्मीकि से वार्तालाप का प्रसंग सुनाया। महर्षि वाल्मीकि ने प्रभु राम के निवास के 14 स्थलों का दिव्य वर्णन किया है। उससे पहले सामाजिक चेतना जागृत करने के लिए महाराज ने जनमानस से वृक्षों की महत्ता चरित्र से जोड़ते हुए बताया। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने वाले मनुष्य की इच्छा जैसी होती है उसे लगाते हुए वह वृक्ष वैसा ही बड़ा होता है। उन्होंने व्यासपीठ से श्रोताओं से वचन मांगते हुए गुरुदक्षिणा मांगी और कहा यहां का प्रत्येक श्रोता जन्मदिन पर एक वृक्ष लगाने का संकल्प लें क्योंकि अगर अभी नहीं तो संभलने में बहुत देर हो जाएगी। भारत को करोड़ों से भी अधिक पेड़ों की आवश्यकता है। राजन महाराज ने बताया कि वनवास दौरान राम की कुटिया वन में बनाने की बारी आई, तो राम कहा कि मैं ऐसे स्थान रहूंगा जहां मेरे रहने से किसी मुनि को कष्ट न हो, क्योंकि राजा के रहते यदि राज्य में कोई मुनि कष्ट होता है तो उस राजा का राज्य शीघ्र नष्ट और समाप्त हो जाता है।

### परिवार के साथ करें पूजा

वाल्मीकि ने राम जी के निवास के 14 स्थान बताएं। जिनमें पहला, जिनके कान समुद्र समान हो, दूसरा घर जिस मनुष्य के आंख आपको देखने के लिए व्याकुल रहे। उन्होंने चातक पक्षी का उदाहरण दिया। तीसरा स्थान जिस मनुष्य की जिह्वा आपके नाम का निरंतर भगवत नाम का उच्चारण करे उसके हृदय में आपका स्थान है। चौथा स्थान ऐसे घर में जहां खाने से पहले आपको भोग अर्पित करे। पांचवां स्थान वह जहां ईश्वर की पूजा पूरे परिवार के साथ होती है। पूजा सुबह पांच बजे अकेले करने से अच्छा है 8 बजे पूजा करें लेकिन पूजा पूरे परिवार के साथ करें। 14 में से ये पांच स्थान ऐसे है जो मनुष्य के रहने के योग्य है इसके बाद स्थान साधारण मनुष्य नहीं कर सकता इसके लिए विशेष भागवत कृपा की आवश्यकता होती है। उन्होंने श्रोताओं के द्वारा पूजा को तिथि अनुसार करने के प्रश्न पर कहा कि हमने ईश्वर को भी बांट दिया है, सोमवार शिव का, मंगलवार हनुमान का लेकिन ये उचित नहीं। हनुमान भक्त के लिए हर दिन मंगलवार है। तिथियां उनके लिए बनाई गई है जो एक भी दिन मंदिर नहीं जाते। कम से कम एक दिन तो चले जाए। दिन देखकर माता पिता से नहीं मिलना चाहिए। राजन महाराज ने बताया कि शुक्रवार को भरत मिलन और राजा भरत के चरित्र की व्याख्या की जायेगी। शनिवार विराम दिवस की कथा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी।



## वाहन चलाने के दौरान सावधानियां बरतने दी जानकारी, नियमों का पालन करने लिया संकल्प

**भिलाई।** लीनेस क्लब की ओर से सेवा सप्ताह के अंतर्गत एमजे कॉलेज में यातायात सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक यातायात प्रशिक्षक टीके लाल भोई ने उपस्थित स्टूडेंट व अन्य लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी और इसका पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।





शुरुआत में लीनेस क्लब की ओर से अध्यक्ष रीटा कुखरानिया ने श्री भोई का स्वागत किया। उन्होंने आयोजन के उद्देश्य पर रोशनी डाला। अपने उद्बोधन में श्री भोई ने वाहन चलाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर स्टूडेंट से बात की और दोपहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने की अपील की। टीके लाल 2009 से लगातार आज तक राज्य में प्रतिवर्ष 150 से अधिक स्थानों में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं, आम जनता, वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते आ रहे हैं। कार्यशाला में स्टूडेंट ने यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ श्रीलेखा विरुलकर और वाइस प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार चौबे ने यातायात के नियमों की जानकारी को स्टूडेंट के लिए बेहद लाभकारी बताया। अंत में लीनेस क्लब की ओर से टीके लाल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर लीनेस क्लब की ओर से सचिव माला पोपली, कोषाध्यक्ष राजश्री जैन, शक्ति धरनी, शुभ्रा रस्तोगी, लता गायकवाड, स्नेहा शर्मा और सुषमा रंधावा और पुलिस प्रशासन से आरक्षक सरला चतुर्वेदी और सहदेव वर्मा भी उपस्थित थे।

## नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट में अनिता बनी जूरी मेम्बर, एक्ट्रेस अनुप्रिया ने किया सम्मानित

**भिलाई।** दुर्ग की अनिता सरकार ने हाल ही में नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट मिस और मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ नेशन 2025 में बतौर जूरी मेम्बर शिरकत की। इस प्रतियोगिता में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुप्रिया गोयंका उपस्थित रही। उन्होंने अनिता सरकार को उनके जूरी मेम्बर तथा महिला सशक्तिकरण, लड़कियों के हायर एजुकेशन और समाज में योग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अनिता ने बताया कि वो इस सम्मान को पाकर खुश हैं और अपने सामाजिक कार्यों को और आगे बढ़ाएगी। उन्होंने शो की डायरेक्टर मोनिका को इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।



■ दुर्ग की अनिता नेशनल ब्यूटी पेजेंट में हुई सम्मानित

दुर्ग निवासी अनिता सरकार पेशे से गणित की लेक्चरर, ब्लॉगर, योग इंस्ट्रक्टर और मोटीवेटर है। पिछले साल अनिता ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कल्चरल एम्प्रेस और रेडिएंट स्माइल जैसे दो सशक्त टाइटल जीते थे।

## विशाल रक्तदान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

कार्नर न्यूज



# महाशिविर में 127 यूनिट हुआ रक्तदान, रक्तदाताओं को यातायात के नियमों का पालन करने भेंट किया हेलमेट

**भिलाई।** शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई और आशीर्वाद ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस महाशिविर में 127 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। साथ ही रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट भी भेंट किए गए। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडे उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में रक्तदान को सर्वोत्तम मानवीय सेवा बताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है और समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को बल मिलता है।



### विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने किया रक्तदान

आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी, भूतपूर्व छात्र सौरभ जायसवाल, प्राध्यापक, गणमान्य नागरिकों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस महाशिविर में 127 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट भी भेंट किए गए।

### युवाओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा,

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा ने कहा कि रक्तदान एक सच्ची मानवीय सेवा है, जो समाज को जीवन देने का कार्य करती है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक बनाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा कुलकर्णी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना सदैव समाजोपयोगी कार्यों में अग्रणी रही है। युवा पीढ़ी समाज सेवा के प्रति गहरी निष्ठा रखती है। सहायक प्राध्यापक ठाकुर रंजीत ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक शब्दों से संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के सभागार में हुआ आयोजन**

### अमृत महोत्सव पर होंगे आयोजन

यह रक्तदान अमृत महोत्सव पूरे देशभर आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय और आयोजक मंडल ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बातें कही।

## सिटी इवेंट

# कर्मा विद्यालय भिलाई में शिक्षकों को किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** कर्मा विद्यालय भिलाई में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एच एल साहू बीईओ, फूल चंद साहू पूर्व अध्यक्ष, बेगन साहू संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ साहू मित्र सभा, चंद्र भूषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भिलाई 3, साहनी, राजू साव, धनसाय साहू अध्यक्ष कर्मा विद्यालय, खेद राम साहू अध्यक्ष साहू मित्र सभा ने कर्मा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान उपहार और प्रमाण पत्र, पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए नए समाज को गढ़ने की शुभकामानएं दी। कार्यक्रम का संचालन आर लखेन्द्र साहू महासचिव कर्मा विद्यालय भिलाई और आभार हरख राम साहू प्राचार्य द्वारा किया गया।

## समाज इवेंट

# 21 को इस्पात नगरी में उदितमुनी नाम साहेब का आगमन, स्वागत की तैयारी

भिलाई। कबीर धर्मदास वंशावली मिशन केडीवी के तत्वावधान में रविवार को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा से नवोदित वंशाचार्य



पंत हजूर उदित मुनि नाम साहेब का आगमन छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी आई टी आई मैदान केनाल रोड, पावरहाउस भिलाई में होने जा रहा है। इस अवसर पर नवोदित वंशाचार्य पंथ हजूर उदितमुनि नाम साहेब द्वारा प्रवचन और सत्संग किया जाएगा। जिसके बाद भेंट बंदगी देंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर से संत-महंत, कबीर अनुयाई और श्रद्धालुओं का आगमन होगा।

## समाज इवेंट

# जरुरतमंदों को मिलेगा रोजगार, लगाई दोना-पत्तल बनाने मशीन



**भिलाई।** भिलाई महिला समाज में विश्वकर्मा पूजा हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर जरुरतमंदों और गरीबों को रोजगार देने दोना-पत्तल बनाने की मशीन लगाई गई है। जिससे गरीबों को रोज़गार भी मिलेगा और उनकी रोज़ी रोटी का एक सहारा बनेगा। भिलाई महिला समाज की सदस्याओं ने बताया कि जगह-जगह हो रहे आयोजनों में खाने पीने के लिए प्लास्टिक प्लेट और ग्लास का प्रयोग किया जा रहा है। जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। प्रकृति संरक्षण और सामाजिक सेवा की दिशा में कार्य करते हुए भिलाई महिला समाज द्वारा जरुरतमंदों को रोजगार देने के लिए दोना-पत्तल, डिस्पोज़ल गिलास और प्लेट बनाने विशेष मशीन लगाई गई है। जिससे कई लोगो को स्वावलंबी बनने में मदद मिलेगी।



## धर्म लाइव

# गायक संजय ने मुंबई में अपने गीतों से बांधा समां

**भिलाई।** मुंबई में हुए बनारस लिटरेचर फेस्टिवल में गायक संजय



सिंह ने अपने गीतों से समां बांध दिया। भिलाई स्टील प्लांट में करीब 28 वर्षों की सुदीर्घ सेवा के बाद रिटायर हुए वरिष्ठ अफसर संजय सिंह लगातार देश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। हाल ही में उनकी दो गजलें भी रिलीज हुई हैं, जिनमें पहली गजल जज्बात को भिलाई निवासी प्रतिमा मिश्र ने तो दूसरी गजल बचपन को मशहूर शायर शिबली आजाद ने लिखा है। गायक संजय सिंह ने बताया कि मुंबई के ऐतिहासिक फिरोजशाह मेहता सभागार में आयोजित बनारस लिटरेचर फेस्टिवल साहित्य और संस्कृति का ऐसा संगम बन गया। जिसने मुंबई की बरसात भरी शाम को यादगार बना दिया। नव भारत निर्माण समिति और मुंबई विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में बारिश के बावजूद सभागार में जगह-जगह खड़े होकर लोग कार्यक्रम सुनते रहे। कलाकार रघुवीर यादव ने अपनी जीवन की गाथा सुनाई और परिचर्चा भाग लिया। वहीं गुल्लक सीरियल के प्रसिद्ध कलाकार जमील खान भी परिचर्चा में शामिल थे। प्रख्यात साहित्यकार डॉ राही मासूम रज़ा की जन्मशती पर हुई परिचर्चा में कई दिग्गज कलमकारों ने हिस्सा लिया। जिसका संचालन आसिफ़ आजमी ने किया।

## अग्रसेन जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा, दुर्ग और भिलाई में हो रहे विविध आयोजन

# वाटर रिले रेस में बच्चों ने की पानी में मस्ती, भुट्टे के छिलके से बनाया आर्ट, मानवता की सेवा में किया ब्लड डोनेट

दुर्ग/भिलाई। अग्रसेन जयंती समारोह को यादगार बनाने अग्रवाल समाज दुर्ग-भिलाई द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिनमें धार्मिक कार्यक्रमों के मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं, आनंद मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम रोज किये जा रहे है। गुरुवार को दुर्ग में समाज द्वारा बच्चों और महिलाओं के लिए वेस्ट से बेस्ट, भुट्टे के छिलके की आर्ट प्रतियोगिता, बैनर, स्लोगन और ताल से ताल मिलाओ, बच्चों और युवाओं के लिए वाटर रिले रेस सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं सेक्टर 6 अग्रसेन भवन में ब्लड डोनेशन शिविर लगाया गया, जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की सेवा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।




### बैनर और स्लोगन प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि जैसे-जैसे जयंती नजदीक आ रही है युवाओं और महिलाओं में उत्साह बढ़ते ही जा रहा है। अग्रवाल महिला मंडल की सचिव सरोज अग्रवाल और प्रीति राजगढ़िया ने बताया आज महिलाओं के लिए वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता के अंतर्गत भुट्टे के छिलके से आर्ट आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही अग्रसेन जयंती बैनर बनाओ प्रतियोगिता में महिलाओं ने स्लोगन युक्त बैनर बनाये। ताल से ताल मिलाओ प्रतियोगिता में महिलाओं के नृत्य ने उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया।

### बच्चों ने वाटर रिले रेस मे मारी बाजी

युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल और प्रभारी अमूल बंसल ने बताया कि आज बच्चों और युवाओं के लिए वाटर रिले रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें बच्चों ने पानी में खूब मस्ती कर प्रतियोगिता का आनंद लिया। इसके बाद म्यूजिकल चेयर, बच्चों को हेल्थ फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए अग्र फिटनेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। बच्चों को जीवन में सेल्फ डिपेंड बनानें टीवी कमर्शियल पर कंपनी का ऐड बनाने की प्रतियोगिता भी रखी गई थी। कार्यक्रम में समाज के पंकज अग्रवाल, संजय गर्ग, सतपाल बंसल, दिनेश अग्रवाल, प्रकाश खेतान, प्रदीप अग्रवाल, डॉ राजेश सिंघल, महिला अध्यक्ष सरिता गोयल, अनीता अग्रवाल, संजना पोद्दार, रजत अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रजत जिंदल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### अग्रसेन महोत्सव में मानव सेवा, रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

भिलाई। अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर 6 भिलाई द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव में गुरुवार का दिन समाज के युवाओं को समर्पित रहा। दिन की शुरुआत ब्लड डोनेशन शिविर से हुई, जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की सेवा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस आयोजन में युवाओं का जोश और सेवाभाव साफ झलक रहा था। बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि समाज सेवा ही सच्ची उपासना है। इसके साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता महोत्सव का आकर्षण रहा। इस दौरान सुरेश जैन मौजूद रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे उत्साह और उमंग के साथ खिलाड़ियों ने भाग लिया। 8 रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें प्रतिभागियों का जोश देखने लायक था। खिलाड़ी मैदान पर पूरी ऊर्जा और खेल भावना के साथ उतरे और उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। शतरंज जूनियर में प्रथम अमय, द्वितीय अंश, तृतीय कियान अग्रवाल, सीनियर में प्रथम गोविन्द अग्रवाल, द्वितीय अनय अग्रवाल, कैरम में प्रथम गोविन्द अग्रवाल, द्वितीय आदित्य जिंदल, तृतीय बिंदिया अग्रवाल, कैरम सीनियर में प्रथम माधवी अग्रवाल और द्वितीय स्थान उमा अग्रवाल ने प्राप्त किया। युवाओं और युवतियों दोनों की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि खेल केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर 6 भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल, महासचिव अनिल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मनोज देवरालिया, मनीत जैन, शरद अग्रवाल, दिनेश लोहिया, विजय अग्रवाल, दिनेश सिंघल, महिला मंडल अध्यक्ष गायत्री अग्रवाल के अलावा अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## रक्तदाताओं को गिफ्ट में मिले हेलमेट

# स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से करे रक्तदान, विद्यार्थी और फैकल्टी ने किया 214 यूनिट रक्तदान



**भिलाई।** भिलाई। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में गुरुवार को आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी और फैकल्टी द्वारा 214 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने इस शिविर का संचालन किया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी कई सारे मिथक फैले हुए हैं। हर स्वस्थ्य व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान करने वाली फैकल्टी और छात्रों को प्रेरित किया और अपने हाथों से उनको प्रमाणपत्र दिए। छात्रों ने इस ब्लड डोनेशन कैम्प में बढ़चढक़र हिस्सा लिया। इस शिविर से जीवन बचाने के महान कार्य में योगदान देना और छात्रों और कर्मचारियों में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था। शिविर में एग्जीकेटिव डायरेक्टर डॉ. महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश शर्मा, डीन डॉ. सत्यधर्म भारती, डॉ. रेजो रॉय, डॉ. अल्बर्ट जॉन वर्गीज और आदित्य कुमार शामिल रहे। ब्लड सेंटर के निदेशक विकास जायसवाल ने अपने छात्रों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अब तक वे 91 यूनिट रक्तदान कर चुकें है। इस दौरान रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए प्रत्येक रक्तदाता को एक हेलमेट वितरित किया गया।

# भिलाई निवास में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन कवियों ने रचनाओं से गुदगुदाया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग तथा क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा एवं राजभाषा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भिलाई निवास के बहुद्देशीय सभागार में अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।




मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक विपिन कुमार गिरी और सीजीएम संदीप माथुर थे। कवि मंजीत सिंह (फरीदाबाद) शशिकला दुबे (रायपुर), डॉ. सरिता शर्मा (नई दिल्ली) और अनिल अग्रवंशी (नई दिल्ली) ने अपनी हास्य-व्यंग्य की कविताओं से दर्शकों को गुदगुदाया। इस अवसर पर जीएम सौमिक डे, डीजीएम राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित अधिकारी एवं कर्मचारी व लोग उपस्थित थे। कवि सम्मेलन का संचालन सुप्रियो सेन व किशोर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ सांस्कृतिक समन्वयक प्रभंजय चतुर्वेदी, पीटी उल्लास कुमार, भालचंद्र शेगेकर, दीपांकर दास की सहभागिता रही।

# सर्व वर्गीय हैहय क्षत्रिय समाज छग के चुनाव संपन्न

**भिलाई।** सर्व वर्गीय हैहय क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के चुनाव पुराना स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 3 भिलाई में शांतिपूर्ण वातावरण में अध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं चुनाव अधिकारियों द्वारा संपन्न कराए गए।

इस मौके पर समाज के आजीवन सदस्य एवं वार्षिक सदस्य उपस्थित रहे। समाज के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में वर्तमान अध्यक्ष अनिल गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य अविनाश कटकवार एवं राजकुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा। पदाधिकारियों में अध्यक्ष विकास गुप्ता, उपाध्यक्ष मोनेश गुप्ता, महासचिव अजय पशीने, सचिव मनोज साहू, सचिव मनीष नशीने, कोषाध्यक्ष शशि उजवने, उपकोषाध्यक्ष शिव पसीने शामिल हैं। इस मौके पर समाज के संरक्षक मुकेश गुप्ता का भी योगदान रहा।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह में हुए पुरस्कृत

# छात्रों ने रहीम के दोहों की दी सामूहिक प्रस्तुति, सुर और लय से श्रोताओं को नैतिकता व भाषा के संस्कार से किया सराबोर

कार्नर न्यूज



भिलाई। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह साहित्यिक वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा संत रहीम के दोहों की सामूहिक प्रस्तुति से हुई। सुर और लय से सजे इन दोहों ने श्रोताओं को भक्ति, नैतिकता और भाषा के संस्कार से सराबोर कर दिया। 15 दिनों तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े में प्राथमिक विभाग से लेकर उच्च माध्यमिक विभाग तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान काव्य पाठ, पुस्तक प्रदर्शन, हिंदी सुलेख लेखन प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई थी। इस अवसर पर टकेश्वर साहू ने हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का साधन नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता की जीवनरेखा है। उन्होंने हिंदी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को याद किया और भारतेंदु हरिश्चंद्र के अमर कथन का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से हिंदी के अधिक प्रयोग और संवर्धन की बातें कही। कार्यक्रम में डॉ. अजय आर्य ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि हिंदी अनेकता में एकता के सूत्र को आत्मसात करती है। उनकी काव्य पंक्तियाँ भारत की भाषा हिंदी है, भाषाएं अलंकरण हैं, सुंदर बिंदी हिंदी है, ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### भाषाओं के संवर्धन पर दिया जोर

विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने हिंदी की व्यावहारिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय भाषाओं के संवर्धन पर विशेष बल देती है और हिंदी पूरे भारत को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। उन्होंने हिंदी बोलने, लिखने और सोचने के लिए भी प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा कि अच्छी हिंदी बोलने और लिखने के लिए हिंदी के साहित्यकारों को पढ़ना आवश्यक है।

### कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की राजभाषा अधिकारी नीता दास ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। 15 दिनों तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े में प्राथमिक विभाग से लेकर उच्च माध्यमिक विभाग तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवधि में काव्य पाठ, पुस्तक प्रदर्शन, हिंदी सुलेख लेखन प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। पुस्तकालय प्रदर्शनी के आयोजन में का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।हिंदी विभाग की ओर से नीता दास, टकेश्वर साहू, सतीश धीवर, डॉ. अजय आर्य, सुभाष पांडे, डॉ. राखी श्रीवास्तव और संजू कुमारी ने कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम साहू ने कुशलतापूर्वक किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में एमपी ने छत्तीसगढ़ को 110 रनों से हरा दिया



रायपुर। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा डॉ के थिम्मापीयाह मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 04 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (15 से 18 सितंबर) बैगलुरु में मध्य प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 92.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 276 रन बनाये। जिसमे अरशद खान ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। उनके अतिरिक्त हर्षित यादव ने 53 रन तथा हर्ष गवली ने 50 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आशीष चौहान ने 3 विकेट, रवि किरण, शशांक तिवारी तथा शाहबान खान ने 2-2 विकेट लिए।

छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 95.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 292 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक चंद्राकर ने शानदार शतक लगाते हुये 11 चौकों तथा 2 छक्कों की मदद से 103 रन बनाये। उनके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 68 रन तथा आशुतोष सिंह ने 54 रनों का योगदान दिया। मध्य प्रदेश की ओर से अरशद खान ने 3 विकेट, अधीर प्रताप सिंह ने 3 विकेट तथा सागर सोलंकी ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन से आगे खेलते हुये मध्य प्रदेश ने अपनी दूसरी पारी में 69 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। मध्य प्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 69 रन तथा हर्षित यादव ने 59 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक सिंह तथा शशांक तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 199 रनों के पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 37 ओवरों में केवल 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से अराफात खान ने सर्वाधिक 30 रन बनाये। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से अधीर प्रताप सिंह ने 5 विकेट लिए। मध्य प्रदेश ने मैच 110 रनों से जीत लिया।

### ऑल इंडिया टेनिस में छत्तीसगढ़ के आरिज को मिली खिताबी जीत



**रायपुर।** ओड़िशा टेनिस एसोसिएशन द्वारा साक्षी गोपाल में आयोजित ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट चैंपियनशिप सीरीज अंडर 16,18 में छत्तीसगढ़ के मो.आरिज को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने अंडर-16 सिंगल्स फाइनल में वेस्ट बंगाल के सैयद फैज़ान को 6-1,6-2 से हराकर ख़िताब जीता, अंडर 18 सिंगल्स के फाइनल में आरिज़ महाराष्ट्र के अर्णव चौधरी से 5-7,3-6 से हारकर उपविजेता बने। आरिज़ की इस सफलता पर छग प्रदेश टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा नेटबॉल में रायपुर का विजयी आगाज़



**रायपुर।** राजधानी में चल रही राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा नेटबॉल प्रतियोगिता में रायपुर ज़िले की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की है। पहले मैच (बॉयज़) में रायपुर ने सरगुजा को 29—00 से और दूसरे मुकाबले में बस्तर को हराया। गर्ल्स के पहले मैच में रायपुर ने सरगुजा को 11-00 से दूसरे मैच में बस्तर को 23-3 से हराया। दल में कोच गोपाल साहू, मैनेजर अनूप यदु और दल प्रबंधक शरद पंसारी शामिल है।

### राज्य रोलर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप अगले माह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से 18वीं छत्तीसगढ़ राज्य रोलर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन 11, 12 और 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना के सहयोग से 200 मीटर बैंक्ड रोलर स्केटिंग रिंक पर यह प्रतियोगिता होगी। इस राज्य चैम्पियनशिप में लड़के और लड़कियों की विभिन्न आयु वर्गों में उनके द्वारा प्राप्त किए गए परिणामों के आधार पर आगामी 63वीं आरएसएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतिम टीम का चयन किया जाएगा। 30 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में अपनी प्रविष्टियाँ ईमेल के माध्यम से भेजी जा सकती है।

खर्राटे की आवाज से पाएं छुटकारा, एक्सपर्ट के बताए उपायों को आजमाएं

# खर्राटे बन गए हैं मुसीबत तो हो जाएं सावधान राहत के लिए डॉक्टरी सलाह के साथ करें उपाय

क्या आपको भी खर्राटे की समस्या है? क्या आपके भी घर में कोई ऐसा व्यक्ति है जिसके खर्राटे की आवाज से आपको नींद नहीं आती है? आमतौर पर हम इसे परेशान करने वाला समझते हैं, इससे व्यक्ति डिस्टर्ब होता है, लेकिन यह खतरनाक भी होता है। चलिए सबसे पहले जानते हैं कि आखिर खर्राटा क्यों निकलता है और इसे रोकने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।



### खर्राटे क्यों निकलते हैं?

हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर बताती हैं खर्राटे वह ध्वनि है जो तब उत्पन्न होती है जब सोते समय मुंह और नाक से हवा का प्रवाह आंशिक रूप से बाधित होता है। इसके अलग अलग कारण होते हैं नैजल प्रॉब्लम स्लीप पोजिशन ओबेसिटी शराब का सेवन स्लीप एपनिया

### कैसे रोके खर्राटे?



सोने का पोजिशन बदलें, आप करवट होकर सोएंगे तो खर्राटों को कम करने में मदद मिल सकतेहै। वजन कम करने से गर्दन के आसपास वसायुक्त ऊतक कम हो सकता है और खर्राटे कम हो सकते हैं। शराब पीने से बचें, खासकर सोने से पहले, क्योंकि इससे गले की मांसपेशियों को आराम मिलता है। नेजल कंजेशन का इलाज करें। आप नेसल स्ट्रिप्स या एलर्जी के लिए दवाएं लें इससे नाक के मार्ग को खुला रखने में मदद मिल सकती है। स्लीप हाइजीन का ध्यान रखें, सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद लें और सोने और उठने का शेड्यूल बनाएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से खर्राटों में कमी आ सकती है, क्योंकि शुष्क वायु मार्ग खर्राटों का कारण बन सकते हैं।

### खर्राटों के इलाज के लिए घरेलू उपाय

**पुदीना का तेल :** एक कप उबलता हुआ पानी लें। इसमें 10 पुदीने की पत्तियां डालकर ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जब यह पानी गुनगुना पीने योग्य हो जाए, तो इसे छानकर या बिना छाने ही पिएं। इससे कुछ ही दिनों में खर्राटों की समस्या ठीक हो जाती है।


**दालचीनी :** खर्राटे की समस्या से निजात पाने के लिए एक ग्लास गुनगुने पानी में तीन चम्मच दालचीनी का पाउडर मिलाकर पिएं। इसके लगातार सेवन से आपको काफी फायदे नजर आएंगे।

**लहसुन :** अच्छी और चैन की नींद के लिए लहसुन का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। एक या दो लहसुन की कली को पानी के साथ लें। इस उपाय को सोने से पहले करने से आप खर्राटों से राहत पा सकते हैं, साथ ही चैन की नींद ले सकते हैं।

**हल्दी :** हल्दी में एंटी-सेप्टिक और एंटी-बायोटिक गुण होते हैं। रोज रात को सोने से पहले दूध में हल्दी पकाकर (हल्दी वाला दूध) पीने से फायदा होगा।

**जैतून का तेल :** ऑलिव ऑयल यानि जैतून का तेल एक बहुत ही कारगर घरेलू उपाय है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होता है। यह श्वसन-तंत्र की प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में बहुत फायदेमंद होता है। यह दर्द को कम करने में मदद करता है। एक छोटी चम्मच ऑलिव ऑयल में सामान मात्रा में शहद मिलाकर, सोने से पहले नियमित रूप से लें। गले में कंपन को कम करने और खर्राटों को रोकने के लिए इस उपाय का प्रयोग करें।

**इलायची:** इलायची सर्दी-खांसी की दवा के रूप में काम करती है। यह श्वसन-तंत्र खोलने का काम करती है। इससे सांस लेने की प्रक्रिया आसान होती है। रात को सोने से पहले इलायची के कुछ दानों को गुनगुने पानी के साथ मिलाकर पिएं। इससे समस्या से राहत मिलती है। सोने से कम से कम 30 मिनट पहले इस उपाय को करें।





## नक्षत्र प्रभावित करते हैं हमारे दैनिक जीवन को

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रह-नक्षत्रों की चाल का विशेष महत्व होता है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर जरूर पड़ता है। ग्रहों की चाल से जहां व्यक्ति के जीवन पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता तो वहीं नक्षत्रों की गणना से व्यक्ति के स्वभाव और जीवनशैली पर असर होता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 27 नक्षत्रों का विवरण है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इन 27 नक्षत्रों को दक्ष प्रजापति की पुत्रियां माना गया है। वैदिक ज्योतिष में ज्योतिषीय गणना के लिए कुल 12 राशियां होती हैं और आकाश को 27 नक्षत्रों में बांटा गया है। कुल 9 ग्रहों को इन 27 नक्षत्रों में बांटा गया है और हर एक ग्रह 3 नक्षत्रों के स्वामी होते हैं।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आकाश में तारा समूह को नक्षत्र कहा जाता है। नक्षत्रों की गणना के आधार पर ही ज्योतिषीय गणनाएं की जाती हैं और ये नक्षत्र चंद्रमा का पथ से जुडे हुए होते हैं। चंद्रमा लगभग 27 दिनों में पृथ्वी की पूरी परिक्रमा करता है। ऐसे में एक माह में चंद्रमा जिस भी मुख्य




सितारों के समूहों के बीच भ्रमण करते हैं। चंद्रमा के द्वारा एक परिक्रमा करने में 27 अलग-अलग तारा समूह का निर्माण करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य मेष से लेकर मीन राशि तक हर महीने भ्रमण करते हैं उसी प्रकार चंद्रमा सभी 27 नक्षत्रों में विचरण करते हैं। इस काल को ही नक्षत्रमास कहा जाता है। इस प्रकार 27 दिनों का एक नक्षत्र मास होता है।

### अश्विन नक्षत्र

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अश्विन नक्षत्र सभी 27 नक्षत्रों में पहला नक्षत्र होता है। यह नक्षत्र ज्योतिष शास्त्र में सबसे पहला और अहम माना जाता है। अगर आप अश्विन नक्षत्र वाले हैं तो आप बहुत ऊर्जावान और सक्रिय होंगे। अश्विन नक्षत्र वाले व्यक्ति बेहद महात्वाकांक्षी और बेचैन प्रकृति के होते हैं। हर काम जल्दबाजी में करना चाहते हैं और उसका नतीजा भी जल्दी से जल्दी चाहते हैं। कुछ रहस्यमय प्रकृति के होते हैं पहले काम कर लेते हैं, बाद में उसके बारे में सोचते हैं। इसलिए कई बार उन्हें कामकाज में नाकामयाबी भी मिलती है, लेकिन लगातार कोशिश करते रहने की वजह से ऐसे लोग आगे भी तेजी से बढ़ते हैं। दांपत्य जीवन अच्छा होता है और परिवार में समृद्धि रहती है।

### भरणी नक्षत्र

यह सभी 27 नक्षत्रों में दूसरा नक्षत्र होता है। इस नक्षत्र के स्वामी शुक्र ग्रह होते हैं। अगर आप भरणी नक्षत्र वाले हैं तो आराम पसंद और आलीशान जीवन जीने का सपना देखने वाले होंगे। इस नक्षत्र के लोग काफी आकर्षक, सुंदर, व्यवहारकुशल और मृदुभाषी होते हैं और इनका मिलनसार स्वभाव लोगों को आकर्षित करता है। धुन के पक्के होते हैं और जो ठान लेते हैं उसे हासिल करके दम लेते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान को अपना मूल मंत्र मानने वाले ये लोग प्रेम और सद्भाव के साथ काम करना पसंद करते हैं।



## पकौड़े को कुरकुरा बनाने अपनाएं उपाय, टोस्ट सा करारा होगा स्नैक

बाजार से हो या घर पर बनाया हुआ चाय के साथ गरमा-गरम कुरकुरे पकौड़े मिल जाए, तो मौसम का मजा बढ़ जाता है। इसलिए आपको पकौड़े को कुरकुरे बनाने के कुछ बढ़िया हैक और टिप्स जरूर जानना चाहिए।

**हींग का उपयोग करें:** हींग का उपयोग खाने में तड़का से लेकर स्वाद बढ़ाने तक, कई चीजों के लिए किया जाता है। पकौड़ी का मिश्रण बनाते वक्त आप हींग का इस्तेमाल कर सकते हैं। मिश्रण में एक चुटकी हींग डालकर अच्छे से फेंट लें और पकौड़ी बनाएं।

**कॉर्न फ्लोर का उपयोग करें :** कॉर्न फ्लोर के इस्तेमाल से भी हम चीजों को अधिक क्रिस्पी कर सकते हैं। आप मिश्रण में थोड़ा कॉर्न फ्लोरडालकर अच्छे से मिक्स कर लें। कॉर्न फ्लोर और पिसे हुए दाल के मिश्रण को मिक्स कर पकौड़ी बना लें।

**चावल आटा की मदद लें:** चावल आटा का इस्तेमाल से आप पकौड़ी को कुरकुरा बना सकते हैं। मूंग और उड़द दाल के मिश्रण में चावल आटा मिलाकर आप अच्छे से मिला लें और फिर उसे अच्छे से मिक्स करें और पकौड़ी बनाएं।

**गर्म तेल का इस्तेमाल करें:** पकौड़ी के मिश्रण में गर्म तेल डालकर अच्छे से मिलाएं और पकौड़ी तल लें। गर्म तेल मिश्रण को सॉफ्ट बनाता है और पकौड़ी को क्रिस्पी बनाने में मददगार है।

**ईनो से बनेगा कुरकुरा पकौड़ा :** ईनो का इस्तेमाल आप पकोड़े को कुरकुरा बनाने के



लिए कर सकते हैं। पकौड़े के मिश्रण में एक चुटकी ईनो उसे एक्स्ट्रा क्रिस्पी और कुरकुरा बनाने में हेल्पफूल है।

**बेकिंग पाउडर डालें:** बेकिंग पाउडर का उपयोग मिश्रण को फुलाने और चीजों को क्रिस्पी बनाने के लिए करते हैं। बेकिंग पाउडर को आप दाल के मिश्रण में मिलाकर पेस्ट को अच्छे से फेंट लें और पकौड़ी बनाएं।

**दाल पकौड़ी को ज्यादा देर न छोड़ें:** दाल के मिश्रण से तैयार पकौड़ी के आटा को पीसने के बाद, उसे ज्यादा देर तक पीसकर न रखें। दाल पकौड़ी का मिश्रण ज्यादा देर तक पीसकर न छोड़ें, मिश्रण को ज्यादा देर तक छोड़ने से दाल पकौड़ी सॉगी हो जाती है।

**मिश्रण को सॉफ्ट होने तक फेंट लें :** मिश्रण को आप ज्यादा देर तक फेंट लें, ताकि पकौड़ी अच्छे से कुरकुरा बने। मिश्रण जितना ज्यादा फेटोगे तो वह ज्यादा कुरकुरा बनेगा और मिश्रण सॉफ्ट होगा।

## सीढ़ियां चढ़ते-उतरते नहीं फूलेंगी आपकी सांस, करें ये जरूरी काम

क्या सीढ़ियां उतरते और चढ़ते दौरान आपको भी हंफनी होने लगती है। जानते हैं कुछ उपाय जिससे आपकी सांस नहीं फूलेंगी। सीढ़ियां चढ़ते उतरते वक्त अक्सर सांस फूलने की शिकायत होती है। पहली मंजिल की सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते ही हम अक्सर हांफने लगते हैं। एक उम्र के बाद इस तरह से सांस फूलना और थकान होना आम बात है, लेकिन आजकल कम उम्र के लोगों को भी यह शिकायत होने लगी है अगर आप भी सीढ़ियां चढ़ते उतरते हांफने लगते हैं तो हम आपको इस आर्टिकल में तीन उपाय बता रहे हैं, जिसकी मदद से आपको इससे राहत मिलेगी। चलिए जानते हैं इस बारे में विस्तार से। डॉक्टर शाकिर रहमान इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।



जब कभी भी आपको सीढ़ियां चढ़ते समय सांस फूलने लगे तो आप सीढियां चढ़ना रोक दें। कुछ देर वहीं पर बैठे आराम से गहरी सांस लें और फिर दोबारा से चलना जारी रखें। यानी आपको सीढ़ियां चढ़ने के दौरान जल्दबाजी नहीं करनी है। इससे आपकी सांस वापस सामान्य हो सकती हैं और आप आगे चढ़ाई को आसानी से कर सकते हैं। शुरुआत से ही अपनी गति धीमी रखें, तेजी से सीढ़ियां चढ़ने से आपके हृदय और फेफड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है,जिससे सांस फूलने की संभावना बढ़ जाती है,धीरे-धीरे स्थिर गति से चढ़ने से आपके शरीर को आराम मिलता है। सीढ़ियां चढ़ते वक्त सांस की गति को स्थिर रखने की कोशिश करें। तेज और असामान्य सांस लेने से आपकी थकावट बढ़ सकती है। कई बार शरीर में पोषक तत्वों और पानी की कमी के चलते भी सांस फूलने लगती है ऐसे में जब कभी भी आपको सीढ़ियां चढ़नी हो आप घर से कुछ ना कुछ खा कर ही निकलें, शरीर को ठीक प्रकार से हाइड्रेट करें। इससे शरीर में ताकत बनी रहती है और आप अपने ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर पाते हैं। सांस संबंधी समस्याओं से राहत पाने के लिए आप रूटीन में ब्रीदिंग एक्सरसाइज और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर शामिल करें। इससे आपका स्टेमिना बढ़ता है। दिल और फेफड़े मजबूत होते हैं। इसके अलावा जो लोग बहुत कम सीढ़ियां चढ़ते हैं, उन्हें भी सांस फूलने की शिकायत होती है।

कार्नर न्यूज

वास्तु के अनुसार तुलसी की जड़ से होते हैं कई फायदे

# घर में तुलसी की जड़ है बड़े काम की, समृद्धि के लिए इसे तिजोरी में रखने का होता है बड़ा असर

घर में लगे पौधों के लिए भी वास्तु कारगर होता है। इन्हीं में से एक है तुलसी का पौधा। इस पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा विधि-विधान से नियमित रूप से की जाती है। यहीं नहीं इस पौधे का हर एक हिस्सा अलग महत्व रखता है। मान्यता है कि अगर आप तुलसी के पौधे की जड़ को कुछ विशेष स्थानों पर रखते हैं तो इसके लाभ होते हैं। वास्तु विशेषज्ञ और ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी बता रहे हैं विस्तार से।



### वास्तु के अनुसार पूजनीय होता है तुलसी का पौधा

तुलसी के पौधे को हिंदू परंपरा में देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु से जुड़े एक पवित्र पौधे के रूप में पूजा जाता है। इसकी पत्तियों और जड़ों को धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अपने स्वास्थ्य लाभों के अलावा, तुलसी पर्यावरण को शुद्ध करती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा लाती है। यह पौधा अक्सर घर के आंगन , बगीचे और मंदिरों के पास लगाया जाता है, जो व्यावहारिक और आध्यात्मिक दोनों उद्देश्यों को पूरा करता है। मान्यता है कि यदि आप इस पौधे की नियमित पूजा करते हैं तो आपके जीवन में सदैव खुशहाली बनी रहती है।

### तुलसी की जड़ को तिजोरी में रखने से क्या होता है

वास्तु शास्त्र के अनुसार तिजोरी वह स्थान है जहां आप धन, गहने और अन्य कीमती सामान रखते हैं। यह आपके घर में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह धन, वित्तीय स्थिरता और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। घर के भीतर तिजोरी की स्थिति और इसके अंदर रखी वस्तुएं, सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती हैं जो वित्तीय विकास और सुरक्षा का समर्थन करती हैं। तिजोरी में यदि आप तुलसी की जड़ रखते हैं तो इसके कई लाभ हो सकते हैं।

### तुलसी की जड़ को तिजोरी में रखने से धन आकर्षित होता है

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी में तुलसी के पौधे की जड़ रखने से वित्तीय समृद्धि को आकर्षित करने और धन की निरंतर वृद्धि करने में मदद मिल सकती है। ऐसा माना जाता है कि तुलसी के पौधे में दैवीय ऊर्जा होती है जो धन के प्रवाह को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इसकी जड़ को तिजोरी में रखने से यह दैवीय ऊर्जा को इकठ्ठा करके धन के प्रवाह की बढ़ाती है। जिससे आपके घर की आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहती है।



### धन की शुद्धि के लिए तिजोरी में रखें तुलसी की जड़

तुलसी अपने शुद्धिकरण गुणों के लिए जानी जाती है। कई आध्यात्मिक प्रथाओं में, तुलसी के पत्तों का उपयोग भोजन, पानी और स्थान को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। इसी तरह तिजोरी में तुलसी की जड़ रखने से भीतर जमा धन शुद्ध हो जाता है, इससे जुड़ी कोई भी नकारात्मक ऊर्जा या अशुद्धि दूर हो जाती है। धन के संचय और उपयोग में नैतिक और आध्यात्मिक शुद्धता बनाए रखने के लिए इस शुद्धिकरण प्रक्रिया को आवश्यक माना जाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## '..अनदर' के रोल पर लियोनार्डो ने कहा-अलग है क्रूज की फिल्म से



हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो की जल्द ही एक फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके रोल की तुलना टॉम क्रूज की पिछली रिलीज फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल' से हो रही है। इस तुलना पर लियोनार्डो ने क्या कहा, जानिए।

पॉल थॉमस एंडरसन डायरेक्टेड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को लेकर लियोनार्डो डिकैप्रियो काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन कुछ लोग इस फिल्म की तुलना लगातार 'मिशन इंपॉसिबल' से कर रहे हैं। चर्चा है कि लियोनार्डो डिकैप्रियो का किरदार भी टॉम क्रूज जैसा ही नई फिल्म में होगा। जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो इस बात से इंकार करते हैं। फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' 1990 के नॉवले 'वाइनलैंड' पर बेस्ड है। इस थ्रिलर फिल्म में कुछ लोग, 16 साल बाद वापस लौटे एक दुश्मन का मुकाबला करने के लिए एकजुट होते हैं। फिल्म में लियोनार्डो डिकैप्रियो ने बॉब नाम का किरदार निभाया है। फिल्म में अपने किरदार के बारे में लियोनार्डो डिकैप्रियो कहते हैं, 'फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल में टॉम क्रूज के रोल से मेरा रोल बिल्कुल अपोजिट है। बॉब हर काम गलत करता है। वह अपने किसी भी काम को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाता है।' फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को पॉल थॉमस एंडरसन ने लिखा, डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में बेनिसियो डेल टोरो, टेयाना टेलर और शॉन पेन जैसे स्टार सपोर्टिंग रोल में दिखेंगे। बेनिसियो डेल टोरो लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ अभिनय करके काफी खुश हैं। वह कहते हैं, 'लियो उन एक्टर्स में से एक हैं जिनकी मैं तारीफ करता रहा हूं।

### टॉलीवुड

## पसंद आया मोहनलाल की 'वृषभा' का फर्स्ट लुक, टीजर हुआ रिलीज



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की आगामी फिल्म 'वृषभा' की पहली झलक सामने आ गई है। 'वृषभा' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा।

फिल्म की घोषणा के साथ ही फैंस इसकी एक झलक के लिए बेकरार थे। अब आज फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है। सामने आए फर्स्ट लुक पोस्टर में मोहनलाल इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। एक योद्धा के कपड़ों में मोहनलाल एक त्रिशूल के आकार का अस्त्र और ढाल लिए हुए हैं। इसके पीछे से सिर्फ उनकी एक आंख चमक रही है। गुस्से में निहारते मोहनलाल काफी इंटेंस लुक में दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मोहनलाल ने कैप्शन में लिखा है, 'युद्ध, भावनाएं और दहाड़।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के टीजर रिलीज की भी डेट बता दी है। इसके मुताबिक 'वृषभा' का टीजर गुरुवार को रिलीज किया गया। नंदा किशोर द्वारा लिखित और निर्देशित 'वृषभा' एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। ये एक मायथोलॉजी से संबंधित है। कनेक्ट मीडिया और बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अभिषेक व्यास स्टूडियोज ने इसे पेश किया है। उम्मीद है कि इस फिल्म में एक बार फिर जबरदस्त बैटल सीक्वेंसेज और वीएफएक्स देखने को मिल सकते हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। मलयालम और तेलुगु में एक साथ शूट हुई 'वृषभा' हिंदी और कन्नड़ में भी रिलीज होगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। मोहनलाल इससे पहले इस साल 'एल2 एम्पुरान' और 'थुडरम' में नजर आ चुके हैं। इसके अलावा वो विष्णु मांचू की 'कन्नप्पा' में भी दिखाई दिए थे। मोहनलाल अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' की भी तीसरी कड़ी की घोषणा कर चुके हैं।

### भोजपुरी

## पहली पत्नी को याद कर पवन का छलका दर्द, अक्षरा संग रिश्ते पर कही बड़ी बात



भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह इस समय 'राइज एंड फॉल' शो में एक प्रतियोगी के रूप में शामिल हैं। यह शो इस समय सुर्खियों में बना हुआ है, जिसकी एक वजह पवन सिंह भी हैं। आज रविवार के दिन शो का एक नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें अभिनेता अपनी शादीशुदा जिंदगी और रिश्ते पर बात कर रहे हैं। एक्टर अपनी पहली पत्नी को यादकर भावुक होते भी दिख रहे हैं।

नए प्रोमो में पवन सिंह बात घर में मौजूद प्रतियोगियों से बात करते दिख रहे हैं। अभिनेता ने कहा, 'मेरी शादी हुई थी एक लड़की से, उसने तीन महीने में ही इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वो देवी थी, जिसको मैंने खो दिया।'

आगे उन्होंने कहा, 'कुछ साल बाद जीवन में कुछ और लफड़ा हुआ। जीवन में लगातार काम करते हुए, किसी से नजदीकियां बढ़ीं, लेकिन परिवार वाले राजी नहीं थे। फिर उन्होंने कहीं और बसाया, जब वो जिंदगी बसी, तो उसमें भी धक्क लग गया। वो मामला तलाक पर चल रहा है। ये फैसला मैंने बचपन से ही ठाना था कि जिंदगी वहीं बसेगी, जहां परिवार वाले चाहेंगे। इस चीज का फैसला मैं खुद नहीं कर सकता, मैं लव मैरिज नहीं कर सकता।' हालांकि, आपको बताते चलें कि अभिनेता ने ये नहीं बताया कि किसके साथ उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। पवन सिंह की पहली शादी साल 2014 में प्रिया कुमारी सिंह से हुई थी। शादी के तीन महीने बाद ही उनका निधन हो गया था।



लाइफ स्टाइल

मर्दाना तेवर के जेवर

हाल ही में मेंस फैशन को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय मैग्जीन ने साल 2025 के पसंदीदा आभूषणों से जुड़ी रपट प्रकाशित की है। अब हर्मीस, रिक ओवेन्स, जेडब्ल्यू एंडरसन, बरबेरी और डायर जैसे ब्रांड अपने मॉडलों को आत्मविश्वास से एक्सेसरीज़ के साथ पेश कर रहे हैं। जाहिर है मेंस फैशन में ज्वेलरी की मांग बरकरार है। तो देर किस बात की, आप भी चुनिए अपना पसंदीदा जेवर।

## परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो सीखें शिमर आईलाइनर का सही तरीका

कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जिन्हें परफेक्ट लाइनर लगाने में दिक्कत होती है। खासकर आईलिड पर शिमर आईलाइनर लगाना। इस तरीके के लाइनर पार्टी लुक के लिए परफेक्ट होते हैं। लेकिन इन्हें लगाने के लिए आपको सही टिप्स और ट्रिक्स के बारे में पता होना चाहिए।

**स्टेप-1:** इसके लिए सबसे पहले अपनी आंखों की लीड पर कंसीलर को अप्लाई करें। फिर इसे लूज पाउडर से सेट करें। अब अपनी आईलिड पर डार्क शेड को लगाएं। इसे अच्छे से स्मज करें।

**स्टेप-2:** डार्क शेड को स्मज करके पीछे की तरफ डार्क ब्लैक शेड को अप्लाई करें। इसके बाद सेंटर पर कंसीलर लगाएं। फिर आगे की तरफ पिंक डर्क शेड को अप्लाई करें। अब आईलिड पर विंग शिमर आईलाइनर लगाएं। आंखों के ऊपर अप्लाई गए कलर को आंखों के नीचे वाले हिस्से पर भी लगाएं। काजल लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें।

### इन शिमर आई लाइनर कलर का करें इस्तेमाल

इसके लिए आप सिल्वर कलर वाले शिमर आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन कलर भी मिल जाएगा। आप चाहे तो ब्रॉन्ज कलर को भी आंखों पर लगा सकती हैं। इसमें आपको मल्टी कलर वाले शिमर आईलाइन का पैलेट मिल जाएगा।

### इन तरीकों से लगा सकती हैं आईलाइनर

आप विंग्ड आईलाइनर (फेस के हिसाब से लगाएं लाइनर) को पार्टी पर ट्राई कर सकती हैं। डबल आई लाइनर से भी आप अपनी आंखों को



परफेक्ट बना सकती हैं। फ्लोटिंग आईलाइनर भी आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके से आप अपनी आंखों पर शिमर आई लाइनर लगाकर पार्टी लुक के लिए रेडी हो सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इससे आपका बोल्ड आई मेकअप लुक परफेक्ट तरीके से रेडी हो जाता है। तो इस बार पार्टी में जाने के लिए इसे ट्राई करें। ऐसे ही और वीडियो के लिए आप पारुल गर्ग को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर सकती हैं।

## इस मौसम में खूब खिलेगी पीकॉक वर्क वाली साड़ियां





अभी ठंड पूरी तरह से आई नहीं है और बारिश भी रुक-रुक कर हो रही है। ऐसे मौसम में धूप खिली-खिली नजर आए, यह कम होता है। इस मौसम के लिए मार्केट में आपको साड़ी के कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप फेस्टिवल और शादी में स्टाइल कर सकती हैं। इनमें से कुछ डिजाइन ऐसे होते हैं जिन्हें पहनते-पहनते हम बोर हो जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो इस मौसम में पीकॉक डिजाइन वाली साड़ियों को स्टाइल करें। ये दिखने में काफी सुंदर लगती हैं और खास मौके के लिए बेस्ट ऑप्शन होती हैं। इसको पहनकर आप भी खास रंग में रंग जाएंगी।

### व्हाइट के साथ करें डिजाइन

अगर आपको सादगी पसंद है तो इसके लिए आप व्हाइट कलर के साथ इस पीकॉक साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ियां दिखने में बेहद सुंदर लगती हैं। इसमें आपको पूरी साड़ी में पीकॉक फेदर का डिजाइन मिलेगा और पल्लू में मोर बना मिलेगा। इस तरीके की साड़ी हैंडवर्क होती है पहनने में भी बेहद सुंदर लगती हैं। आप इन्हें ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी के कई सारे ऑप्शन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। आप इन्हें 250 से 500 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### पल्ले पर मोर का डिजाइन

साड़ियों के अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप इस खास मौके पर पहन सकती हैं। इसमें आप पल्ले पर मोर का डिजाइन मिलेगा। इसी के साथ पूरी साड़ी (लंबी लड़कियों के लिए साड़ी डिजाइन) प्लेन मिलेगी। इसमें आप चाहे तो ग्रीन के अलावा और भी कलर को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको प्लेन वर्क भी मिल जाएगा। साथ ही हैवी वर्क में भी साड़ी खरीद सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ मोर पंख वाले इयररिंग्स भी स्टाइल कर सकती हैं।

## चेहरे पर शीशे सा निखार आएगा घरेलू उपायों से

त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इस बात को हम सभी खूब अच्छे तरीके से समझते हैं। चेहरे की चमक को नेचुरल तरीके से बरकरार रखना बेहद जरूरी होता है। जानते हैं उन घरेलू चीजों के बारे में जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

**एलोवेरा :** एलोवेरा त्वचा के लिए एक डॉक्टर का काम करता है और अनेक रूप से फायदे पहुंचाने में मदद करता है। अब चाहे तो त्वचा को नमी पहुंचा कर हाइड्रेटेड बनाना हो या चेहरे पर एलोवेरा जेल का बना हुआ फेस पैक हो। इसका इस्तेमाल आप अनेक रूपों में कर सकती हैं। इसके लिए आप घर में एलोवेरा का पौधा लगायें और मार्केट में मिलने वाली जेल को अवॉयड ही करें।

**बेसन :** बेसन का इस्तेमाल चेहरे पर मौजूद टैनिंग को हटाने के लिए किया जाता है। खासकर यह ऑयली स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि बेसन चेहरे पर मौजूद पोर्स में जमे ऑयल को निकाल पोर्स को डीप क्लीन करने का काम



करता है। वहीं इसमें आप कच्चा दूध और गुलाब जल मिलाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल :** गुलाब जल को चेहरे पर कई तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि यह एक नेचुरल टोनर का काम करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये चेहरे पर मौजूद पोर्स के अंदर जाकर सफाई कर उनका साइज मिनीमाइज करने में सहायता करता है। साथ ही ये त्वचा के पीएच लेवल को बरकरार रखने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा पर मौजूद डार्क स्पॉट्स यानी काले धब्बे को कम करने के काम भी आता है।


## ऑयली बालों की वजह से ग्लो कम हो रहा तो करें ये उपाय

चेहरे का ग्लो कम होने के कई सारे कारण हो सकते हैं। वहीं इनमे से एक कारण बालों का ऑयली होना भी है। ऑयली बालों की वजह से पिंपल्स या एक्ने की समस्या पैदा हो जाती है और इस वजह से स्किन का ग्लो कम हो जाता है। वहीँ ऑयली बालों के बीच चेहरे का ग्लो कैसे बना रहे इसके लिए हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की और उन्होंने हमें एक उपाय बताया है जिसकी मदद से त्वचा से जुडी समस्या कम हो सकती है। ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि चारकोल स्क्रब की मदद से पिंपल्स और एक्ने की समस्या कम हो सकती हैं। वहीं चारकोल स्क्रब का इस्तेमाल करने से त्वचा का ग्लो भी बना रहेगा।

### इस तरह बनाएं चारकोल स्क्रब

नारियल के छिलके को जला ले। इस काले पदार्थ में पपीता जेल मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करें। चेहरे को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान



ऑयली बालों होने इनकी अच्कोछी तरह से साफ करें और इसके लिए हफ्ते में 2-3 बार बालों को शैंपू से धोएं। ऑयली बालों की वजह से पिंपल्स और एक्ने की समस्या न हो इसके लिए आप बालों को बाँधकर या हेयर क्लिप्स की मदद से बालो को चेहरे से दूर रखें। चेहरे को दिन में दो बार अच्छे फेस वॉश की मदद से साफ करें ताकि चेहरे पर जमा तेल साफ हो सकें और चेहरा ग्लो करें। चेहरे की देखभाल के लिए आप सही प्रोडक्ट्स चुनाव करें। ऑयल-फ्री प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल न करें।

कार्नर न्यूज

सवाल आपके भविष्य का है तो रहें सतर्क

## इंटरव्यू से पहले हड़बड़ी में 'स्टाइलिंग मिस्टेक' न कर दें, वरना यह गलती सिलेक्शन पर पड़ जाएंगी भारी

आपकी समझदारी और जानकारी के साथ जिस एक चीज का फर्क आपके इंटरव्यू पर पड़ता है, वो है आपके कपड़े। अगर आपके कपड़े आप पर अच्छे नहीं लग रहे हैं तो इंटरव्यू में बेस्ट करने की कोशिश थोड़ी कमजोर पड़ सकती है। क्योंकि इंटरव्यू में सबसे पहला इम्प्रेशन आपके कपड़ों का ही पड़ता है। इसलिए कपड़ों के चुनाव में और फिर इन्हें पहनने से जुड़ी कुछ आम गलतियां आप बिल्कुल न कीजिए। इन गलतियों का खामियाजा आपको इंटरव्यू में भी भुगतना पड़ सकता है, तो चलिए इन गलतियों को पहचान लेते हैं-

### सूट की फिटिंग

याद रखिए, आपके कपड़े अगर अच्छी फिटिंग वाले नहीं हैं तो लुक पर की गई मेहनत बेकार हो जाएगी। कम से कम ये फिटिंग की गड़बड़ी बाहर से नहीं दिखनी चाहिए। सूट की कंधों पर फिटिंग, बांह की लम्बाई और कोट की लेंथ, ये वो कुछ पॉइंट हैं, जिन पर आपको जरूर ध्यान देना चाहिए।

जींस नहीं चलेगी



इंटरव्यू में जींस काम नहीं करती है। आपने प्रोफेशनल लुक वाला ब्लेजर पहन लिया है तो आपको लग रहा है कि आप सही दिखेंगे तो आप गलत हैं। आपको किसी भी स्टाइलिंग में जींस को इंटरव्यू में नहीं पहनना है। जींस फॉर्मल कपड़ों में शामिल ही नहीं है।

### ज्यादा न हो जाए

स्टाइलिंग से जुड़ी इतनी चीजें आ चुकी हैं कि कई दफा चुनना मुश्किल हो जाता है लेकिन हर चीज को इंटरव्यू में शामिल नहीं किया जा सकता है। आप भी ऐसा न करें, जैसे बो टाई, मेटेलिक टाई और सूट के ऑफबीट रंग इंटरव्यू में सही नहीं लगते हैं। आप सूट के कलर पर तो ज्यादा ही ध्यान दें। डार्क कलर का सिंपल सूट ही इंटरव्यू में अच्छा लगता है।

### एक्सेसरीज भी हों फॉर्मल

इंटरव्यू के दौरान एक्सेसरीज फॉर्मल लुक वाली होनी चाहिए। ऐसा न हो आप सूट तो फॉर्मल पहनें हों पर आपकी घड़ी चंकी स्टाइल वाली हो। या फिर टाई का रंग बिल्कुल ब्राइट या चमकदार हो।

### स्नीकर को कहें न

आपके पास भले ही स्नीकर का बेहतरीन कलेक्शन हो लेकिन इसे इंटरव्यू में न ही पहनें तो अच्छा है। स्नीकर अब कई सारे ऑफिस में एक्सेप्ट कर लिए गए हैं।

